NIAB

National Institute of Animal Biotechnology

वार्षिक प्रतिवेदन 2015 - 16

राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान

National Institute of Animal Biotechnology

(An Autonomous Institute of the Department of Biotechnology, Ministry of Science & Technology, Government of India)

D.No 1-121/1, 4th& 5th Floors, Axis Clinicals Building, Miyapur, Hyderabad – 500049

तालिका सूची

S. No.	तालिका सूची	Page No.
1.	एनआईएबी के उद्देश्य	1
2.	निदेशक की ओर से	3
3.	अनुसंधान परियोजनाएं :	7
	क. पशु स्वास्थ्य	8
	(I). जूनोटिक रोगाणु, ब्रूसेला की रोगाणुजनक प्रक्रिया को समझना एवं जंतु और मानव ब्रूसेलोसिस के लिए नए टीकों के विकास और नैदानिक आमापन (गिरीश के राधाकृष्णन)	9
	(ii). लेप्टोस्पाइरा संक्रमण की मेजबान प्रतिक्रिया और आण्विक रोगजनन को समझना (सैयद फेसल)	13
	(iii). रोगाणुरोधी प्रतिरोध की एंटीबायोटिक संवेदनशीलता और अन्वेषण तंत्र की निगरानी (वसुंधरा भंडारी)	17
	(iv). न्यू कैसल रोग वायरस संबंधी पोषद रोगजनक अंतःक्रिया अध्ययन (माधुरी सुब्बैया)	19
	(v). पीपीआर और एफएमडी अनुसंधान (सत्या परिदा)	23
	(vi). आण्विक स्तर पर मेजबान – परजीवी – वाहक अंतःक्रियाओं को समझना (आनंद श्रीवास्तव)	25
	(vii). अंतर्कोशिकीय रोगजनकों के संक्रमण के दौरान रोग के रोगजनन पर अध्ययन (परेश शर्मा)	27
	(viii). कोशिका चक्र और प्रतिलेखन मटोक्सोप्लाज्मा गोंडाइ सीडीके7 की भूमिका का वर्णन (अभिजीत देशमुख)	32
	ख. पशु प्रजनन : किस्पेप्टिन का शरीर विज्ञान और चिकित्सीय क्षमता को समझना (सत्या वेलमुरूगन)	37
	ग. जैव सूचना विज्ञान : मार्कर की खोज और तुलनात्मक जीनोमिक्स के लिए अनुक्रम आंकड़ों का विश्लेषण करना (सरवार आजम)	41
	घ. प्रज्जवलन रोग : इंफ्लेमेशन में गामा डेल्टा (γδ) टी कोशिकाओं की भूमिका (अपर्णा रचामल्लु)	46

तालिका सूची

4.	प्रकाशन	51
5.	न्यूटन फंड पीएच.डी कार्यक्रम	52
6.	उच्च विद्यालय शिक्षण कार्यक्रम (शिक्षा सेतु)	53
7.	एनआईएबी कार्मिकों की विदेशों में प्रतिनियुक्तियां	54
8.	सहमति का ज्ञापन	55
9.	आरटीआई अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन	56
10.	एनआईएबी में विशिष्ट आगंतुक और व्याख्यान	57
11.	जैव प्रौद्योगिकी विभाग का 30वां वर्षगांठ समारोह	62
12.	एनआईएबी में मल्टीकलर पलो साइटोमेट्री	64
13.	"अनुसंधान संगठनों में प्रशासन का विज्ञान" पर कार्यशाला – सह – प्रशिक्षण	65
14.	एनआईएबी की संगठनात्मक संरचना संस्था के सदस्य, शासी निकाय, वित्त समिति, वैज्ञानिक सलाहकार समिति, भवन समिति, एनआईएबी कर्मचारी	67
15.	चित्र दीर्घा	75
16.	लेखों का लेखा परीक्षण विवरण	80

एनआईएबी के उद्देश्य

मिशन

नवीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास तथा उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने के माध्यम से स्थायी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी पशुधन संसाधनों का विकास।

दूरदृष्टि

विज्ञान में उत्कृष्टता का प्रदर्शन; अंततः व्यावसायीकरण के लिए पशु जैव प्रौद्योगिकी में प्रौद्योगिकी और समाधान विकास

उद्देश्य

- प्रौद्योगिकी और उत्पाद नवीनता की ओर निर्देशित, मूलभूत और अनुप्रयुक्त अनुसंधान शुरू करना। अभिजात वर्ग के जीनोटाइप के गुणन हेतु उत्पादकता; प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ाने के लिए नस्लों और चयनात्मक प्रजनन की विशेषता। फार्मास्युटिकल मूल्य के अणुओं के उत्पादन के लिए ट्रांसजेनिक जानवरों का विकास। फसल अवशेषों का उच्च मूल्य के उत्पादों में संवर्धन। नई पीढ़ी के टीके, निदान और दवाओं का विकास।

- ट्रांसलेशनल अनुसंधान, औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास के लिए प्राथमिक रूप से, मूल्य श्रृंखला में मानव संसाधन का विकास करना; अल्पावधि उन्नत प्रशिक्षण, अंतःविषय विज्ञान, नवाचार और निर्माण के विज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करते हुए नए पाठ्यक्रम जैसे एम. एससी / एम. वी एससी–पीएचडी और पीएचडी की शुरूआत की सुविधा।

- पशु जैव प्रौद्योगिकी, पशु जैव–सुरक्षा के मुद्दों और नैतिक मुद्दों के लिए संबंधित राष्ट्रीय नीति तैयार करने के लिए योगदान करना।

- बौद्धिक संपदा संरक्षण, व्यवसाय विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, और शिक्षा–उद्योग भागीदारी को बढ़ावा देना।

- ट्रांसलेशनल अनुसंधान और उत्पाद विकास पर ध्यान देते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोगात्मक कार्यक्रम का विकास करना।

- उद्यमियों / स्टार्टअप कंपनियों के लिए इंक्यूबेशन सुविधाएं प्रदान करना।

- (1) उत्पाद नवीनता और ट्रांसलेशनल अनुसंधान पर बल देते हुए बाह्य केन्द्र, (2) कंपनियों के 'अलाभकारी'; और (3) 'लाभकारी' कंपनियों के निर्माण की सुविधा का निर्माण करना।

निदेशक की ओर से

निदेशक की ओर से



मुझे जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार सरकार के एक स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएबी) का वर्ष 2015–2016 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष है।

मई 2011 में स्थापित एक पंजीकृत संस्थान, एनआईएबी एस एण्ड टी मंत्रालय के विभिन्न विभागों के तहत स्वायत्त संस्थानों में से सबसे बाद में संस्थानों में से है। एनआईएबी की संकल्पना नवाचारी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पशु स्वास्थ्य तथा उत्पादकता के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्द्धी मवेशी उत्पाद, फार्मास्युटिकल और जैविक पदार्थ तैयार करने के लिए की गई है। इसे संक्रामक रोगों, पशु आनुवंशिकी और जीनोमिकी, पशु प्रजनन एवं जैव सूचनाविज्ञान के चार क्षेत्रों पर अनुसंधान फोकस के साथ अर्जित किया जाना है। एनआईएबी की प्रमुख विशेषता यह है कि संस्थान देश में आरंभ होने वाली जैव उद्यमशील कंपनियों के लिए एक इंक्यूबेटर की तरह कार्य करेगा।

एनआईएबी की गतिविधियों को लगभग 10 अन्वेषकों द्वारा आगे बढ़ाया गया है, जिनमें से एक अतिथि प्रोफेसर और सात संकाय, अध्येता तथा परियोजना वैज्ञानिक हैं। इन अनुसंधान कार्यक्रमों को हमारे अंतरिम किराए के परिसर में प्रचालित किया जा रहा है, जहां बीएसएल2 + सुविधा सहित आधुनिकतम मूल संरचना उपलब्ध कराई गई है। संक्रामक रोगों सहित ब्रूसेलोसिस और लेप्टोस्पाइरोसिस, स्टेफिलोकोकोसिस, न्यूकैसल रोग, फुट एण्ड माउथ रोग, पेस्टे डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पीपीआर), बेबेसियोसिस, थिलेरियोसिस और टोक्सोप्लाज्मोसिस के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाएं जारी हैं। मेजबान – रोगाणु अंतःक्रियाओं, रोगजनकता की प्रक्रिया और आण्विक रोगाणुजनन का अध्ययन किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य प्रौद्योगिकी और उत्पाद नवाचार से दक्ष नैदानिक साधन और नए टीकों का विकास करना है।

पशु प्रजनन के क्षेत्र में, एनआईएबी द्वारा हार्मोन किसेपेप्टिन की गतिविधियों को तथा मवेशियों में बांझपन की समस्या को संबोधित करने की चिकित्सीय संभाव्यता को समझने के लिए अनुसंधान किया जा रहा है। विभिन्न परियोजनाओं को जैव सूचना विज्ञान दल द्वारा सक्षमता से समर्थन दिया जा रहा है, खास तौर पर आनुवंशिक अध्ययन के लिए। ऊंट की जीनोमिकी पर एक प्रस्ताव विचाराधीन है, जो राजस्थान सरकार के सहयोग से किया जाना है। हमारे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों एवं औद्योगिक भागीदारों के साथ अनुसंधान सहयोग स्थापित किए जा रहे हैं।

एक सफल अनुसंधान संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता एक सक्रिय पीएच डी कार्यक्रम है, अतः हमने इस वर्ष से एनआईएबी में 'अनुसंधान अध्येता कार्यक्रम' की शुरूआत की है और मणिपाल विश्वविद्यालय तथा हैदराबाद विश्वविद्यालय के साथ अनुसंधान अध्येताओं के पीएचडी पंजीकरण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एनआईएबी ने न्यूटन फंड पीएच डी कार्यक्रम में परब्राइट इंस्टीट्यूट और रोजलिन इंस्टीट्यूट (दोनों यूके में) के साथ भी भागीदारी की है, जहां सभी भागीदार संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से छात्रों को नेतृत्व प्रदान किया जा रहा है, और वर्तमान वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत दो छात्रों को चुना गया है।

फरवरी 2016 में एनआईएबी में एक तीन दिवसीय 'मल्टीकलर फ्लो साइटोमेट्री वर्कशॉप' का आयोजन किया गया जिसमें एनआईएबी तथा हैदराबाद के अन्य शैक्षिक और अनुसंधान संस्थानों के संकाय तथा छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को साइटोमेट्री और सेल सॉर्टिंग के विभिन्न अनुप्रयोगों पर प्रतिभागियों के लिए स्वयं प्रशिक्षण द्वारा फ्लो साइटोमेट्री की बुनियादी बातों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसी प्रकार कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसका शीर्षक है 'अनुसंधान संगठनों में प्रशासन का विज्ञान' जुलाई 2015 में डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और नैदानिकी केन्द्र (सीडीएफडी), हैदराबाद तथा एनआईएबी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, इसमें दोनों संस्थानों के प्रशासनिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

मैं एनआईएबी के स्थायी परिसर के विकास पर भी रिपोर्ट देना चाहता हूं, जो राज्य सरकार द्वारा हैदराबाद विश्वविद्यालय के परिसर के पास 100 एकड़ की भूमि पर निर्माणाधीन है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से अनिवार्य अनुमति प्राप्त की गई है तथा निर्माण गतिविधियों के लिए स्थानीय प्राधिकरणों से अनुमति ली गई है, जिसकी अब तेजी से प्रगति जारी है। जंतु गृह, जंतु फार्म, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और छात्रावास को पूरा करने के लिए परिसर निर्माण के पहले चरण में प्राथमिकता दी गई है।

निदेशक की ओर से

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री के माननीय तया, एनआईएबी संस्था के अध्यक्ष, डॉ. हर्ष वर्धन ने 11 अक्तूबर, 2015 को संस्थान में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनकी संकाय, छात्रों और एनआईएबी कर्मचारियों के साथ सक्रिय बातचीत से हमें अपने संबंधित सभी प्रयासों को आगे बढ़ाने और सुलझाने की प्रेरणा मिली है।

अंत में मैं उच्च समर्पण वाले वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों के सुगठित दल द्वारा एनआईएबी की ओर से हमारे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपने अथक प्रयासों में दिए गए योगदान को स्वीकार करता हूं, जो सीमित कार्मिक संख्या और सीमित संसाधनों की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हैं। हम प्रतिष्ठित संस्था सदस्यों, शासी निकाय, वैज्ञानिक सलाहकार समिति, वित्त समिति और भवन समिति, एनआईएबी के सदस्यों से प्राप्त प्रोत्साहन और सलाह का लाभ भी प्राप्त करते हैं, जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एनआईएबी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर और सक्रिय समर्थन अबाधित रूप से प्रदान किया गया है। सीडीएफडी और हैदराबाद विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों से प्राप्त समर्थन और सहायता की हार्दिक प्रशंसा की जाती है।

आने वाले वर्षो में मैं आशा और इच्छा करता हूं कि इसी प्रकार समर्थन और प्रोत्साहन जारी रहे ताकि हम अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता अर्जित कर सकें।

31 मार्च 2016

ज गौरीशंकर

अनुसंधान परियोजनाएं

पशु स्वास्थ्य

जूनोटिक रोगाणु, ब्रूसेला की रोगाणुजनक प्रक्रिया को समझना एवं जंतु और मानव ब्रूसेलोसिस के लिए नए टीकों के विकास और नैदानिक आमापन

प्रधान अन्वेषक :	गिरीश के राधाकृष्णन	वैज्ञानिक डी
प्रयोगशाला सदस्य :	दिलीप रेड्डी	डीबीटी – आरए
	पद्मजा जाक्का	अनुसंधान अध्येता (जुलाई 2015 तक)
	बिन्दु भार्गवी	अनुसंधान अध्येता (मार्च 2016 तक)
	स्वप्ना नमानी	अनुसंधान अध्येता (सितम्बर 2015 से)
	निवेदिता राय	अनुसंधान अध्येता (सितम्बर 2015 से)
पीएचडी. छात्र :	पद्मजा जाक्का	डीबीटी–इंस्पायर अध्येता (जुलाई 2015 से)
	मेगा श्रावनी	न्यूटन फंड पीएच.डी छात्र (जनवरी 2016 से)
सहयोगकर्ता :	सत्या परिदा	द पिरब्राइट इंस्टीट्यूट, यूके

उद्देश्य

ब्रूसेलिस मनुष्य और पालतू तथा जंगली जानवरों में होने वाली चिरकालिक संक्रामक बीमारी है जो जीनस ब्रूसेला के बैक्टीरिया द्वारा होती है। ब्रूसेलिस भारत में गंभीर पशु चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है और इस रोग की जानकारी मवेशी, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर, कुत्तों तथा मानवों में दी गई है। मानव ब्रूसेलोसिस की दर को भारत के विभिन्न राज्यों से प्रलेखित किया गया है, जिसमें उड़ीसा (6.8 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (11. 51 प्रतिशत) और पंजाब (26.6 प्रतिशत) शामिल हैं। वर्तमान में मनुष्य में उपयोग के लिए किसी टीके को अनुमोदन नहीं दिया गया है और मानव ब्रूसेलोसिस के इलाज की लंबी अवधि तथा अधिक लागत से इलाज की दक्षता में कमी आती है। अनिवार्य प्रक्रिया और रोग जनक कारकों से ब्रूसेला की उत्तरजीविता बढ़ती है और यह मेजबान में द्विगुणित होता है, जिसे बहुत कम समझा गया है और इस प्रकार ब्रूसेलोसिस की नई निवारक और चिकित्सीय कार्यनीतियों के विकास की प्रगति की हानि होती है। मेरे अनुसंधान की परियोजनाओं के समग्र उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

1) पशु और मानव ब्रूसेला रूग्णता के लिए नवीन टीके और निदान आमापन विकसित करना।
2) उन प्रक्रियाओं को समझना जिनसे ब्रूसेला मेजबान प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को पलट देता है।
3) ब्रूसेला के द्विगुणन को समर्थन देने वाले मेजबान कारकों की पहचान करना।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

यद्यपि, भारत में ब्रूसेला रुग्णता एक महामारी रोग है, ब्रूसेला प्रजाति की आनुवंशिक विविधता और आबादी संरचना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमने मल्टी लोकस सिक्वेंस टाइपिंग (एमएलएसटी) द्वारा भारत से पांच बी. मेलिटेंसिस आइसोलेट्स की आनुवंशिक विविधता का विश्लेषण किया। विस्तृत आनुवंशिक लक्षण निर्धारण के लिए हमने बी. मेलिटेंसिस आइसोलेट्स, बीएम इंड 1 (पांडुलिपि संशोधन के अधीन है) के एक आइसोलेट्स का पूर्ण जीनोम अनुक्रमण और तुलनात्मक जीनोम विश्लेषण किया। ब्रूसेला के प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजन को पहचानने की दिशा में नए नैदानिक आमापनों के विकास हेतु हमने ब्रूसेला प्रोटीन माइक्रोएरे का प्रतिरक्षी समपरीक्षण संक्रमित / स्वस्थ मवेशी सीरम के साथ किया, जिसमें बी. एबॉर्टस के संभावित प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजन की पहचान की गई। हमें बी. एबॉर्टस के पांच उच्च स्कोर वाले एंटीजन की अति अभिव्यक्ति और शुद्धिकरण की शुरूआत की। बी. मैलीटेंसिस से प्रोटीन युक्त टीआईआर डोमेन के लाक्षणीकरण के लिए हमने माइक्रो ट्यूबुल से जुड़ने वाले प्रोटीन (सीएनआईपी170; जिसे पहले एमबीपी–1 कहा गया है) जो टीसीपीबी के साथ अंतःक्रिया करता है। आगे के अध्ययनों में प्रदर्शित किया गया है कि सीएनआईपी170 से टीएलआर4 माध्यित एनएफ–केबी सक्रियण का संदमन होता है और मैक्रोफेज में सीएनआईपी170 की साइलेंसिंग से प्रोइंफ्लेमेट्री साइटोकाइन स्तरों की शुरूआत होती है। एसएलएएम में एकल न्यूक्लियोटाइड बहुरूपता (एसएनपी) तथा पीपीआरवी संवेदनशील और प्रतिरोधक

बकरी प्रजातियों में नैक्टिन –4 रिसेप्टर का विश्लेषण करने के लिए हमने टेलीचेरी बकरी प्रजाति के एसएलएएम जीन एक्सॉन का संवर्धन किया।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : ब्रूसेलोसिस के इम्युनोडोमिनेंट एंटीजनों की पहचान और लाक्षणीकरण

ब्रूसेलोसिस का क्लिनिकल निदान इसके अप्रारूपिक प्रस्तुतीकरण और विशिष्ट लक्षणों की कमी के कारण चुनौतीपूर्ण है। संवर्धन द्वारा ब्रूसेला का निदान कठिन हैं, क्योंकि यह कठिनाई से प्राप्त होने वाला है, इसकी वृद्धि धीमी और प्रयोगशाला कार्मिकों के लिए संभावित रूप से जोखिमपूर्ण है। अतः, ब्रूसेलोसिस का सामान्य तौर पर निदान सीरम या शरीर के अन्य तरल पदार्थों में एंटीबॉडी का स्तर बढ़ने से पता लगाया जाता है। प्राथमिक रूप से मानव और पशु ब्रूसेलोसिस का मौजूदा सिरोलॉजिकल निदान रोगी के सीरम में ब्रूसेला की लाइपो पॉलीसेकेराइड (एलपीएस) की एंटीबॉडी की पहचान पर आधारित है। एलपीएस प्रतिरक्षा प्रभुत्वकारी एंटीजन है, किन्तु यह अनेक अन्य ग्राम ऋणात्मक बैक्टीरिया सहित विषम अभिक्रिया करता है। पुनः, एलपीएस आधारित आमापन बी. केनिस और बी. ओविस का पता लगाने में उपयोगी नहीं है, जिसमें ओ. पॉलीसेकेराइड साइड चेन का अभाव होता है। अतः नए सीरो नैदानिक एंटीजनों की पहचान विश्वसनीय और अधिक विशिष्ट नैदानिक आमापनों से पशु और मनाव ब्रूसेलोसिस का पता लगाना अनिवार्य रूप से संभव है। ये प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजन पर्याप्त रूप से दक्ष सब यूनिट या ब्रूसेलिस के इम्युनो–कंजुगेट टीके विकसित करने में उपयोग किए जा सकते हैं। पुनः, इन एंटीजनों के लाक्षणीकरण से इस प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी, जिससे ब्रूसेला द्वारा मेजबान में इसके चिरकालिक स्थायित्व के लिए प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया का मॉड्यूलेशन किया जा सकता है। हमने पहले प्राकृतिक रूप से संक्रमित मवेशी के सीरम में बी. एबॉर्ट्स के संभावित प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजनों की पहचान की है। इन एंटीजनों के लाक्षणीकरण पर कार्य प्रगति पर है। मानव सीरम में प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजनों की पहचान के लिए हमने ब्रूसेला प्रोटीन माइक्रो एरे की इम्युनो प्रोबिंग के साथ ब्रूसेला धनात्मक और ऋणात्मक मानव सीरम नमूनों पर कार्य किया है। इस विशेष में बी. मेलिटेंसिस के 6 संभावित प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजन अभिज्ञात किए गए हैं। बी. मेलिटेंसिस के इन प्रतिरक्षी प्रतिभागी एंटीजनों के लाक्षणीकरण का कार्य प्रगति पर है।

परियोजना 2 : उन प्रक्रियाओं को समझना जिनसे ब्रूसेला मेजबान नव प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को संदमित कर देता है।

ब्रूसेला एक गुप्त अणु है जिसने मेजबान में स्थायी रूप से मेजबान प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को बदलने के लिए सुसंगठित कार्यनीतियों का विकास किया है। ब्रूसेला से टीएलआर2 और 4 रिसेप्टरों के जरिए रोगाणुजनक प्रोटीन टीसीपीबी (टीआईआर डोमेन युक्त प्रोटीन, ब्रूसेला से) का उपयोग करते हुए सिगनलिंग के संदमन द्वारा मेजबान की नव प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को संदमित करता है। टीसीपीबी से कोशिका पारगम्यता प्रदर्शित होती है और इसकी दक्षता को मैक्रोफेज द्वारा आंतरिक रूप से दक्षतापूर्वक बढ़ाया जाता है और आंतरिक रूप से उपलब्ध टीसीटीबी द्वारा एलपीएस से उद्दीपित प्रोइंफ्लेमेटरी प्रतिक्रियाओं का उद्दीपन किया जाता है। टीसीपीबी द्वारा लक्षित यूबीक्विटिनेशन द्वारा टीएलआर2 और 4 सिगनलिंग को उदासीन बनाया जाता है और टीएलआर2 और 4 विशिष्ट एडाप्टर प्रोटीन, टीआईआरएपी में गिरावट आती है। जबकि, टीसीपीबी से उचित रूप से यूबीक्विटिन लाइगेस प्राप्त होने की संभावना नहीं है, जिससे पता लगता है कि टीसीपीबी टीआरएपी के विखंडन को बढ़ावा देने के लिए मेजबान प्रोटीन का चयन करता है। हमने टीसीपीबी और माइक्रोट्यूबल टिप बाइंडिंग प्रोटीन सीएलआईपी170 के बीच अंतःक्रिया को अभिज्ञात किया है और एक उच्च थ्रूपुट इस्ट दो हाइब्रिड छानबीन करते हुए टीसीपीबी को मानव प्रोटीन का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। आरंभिक अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि सीएलआईपी170 से टीएलआर4 तक माध्यित एनएफ–केबी सक्रियण और प्रो.–इंफ्लेमेट्री साइटोकाइन निर्मुक्ति होती है। एंडोजिनस सीएलआईपी170 की साइलेंसिंग से चूहे के मैक्रोफेज में दो इंफ्लेमेट्री साइटोकाइन के संभावित स्तर पाए गए। अतः हमने यह जांच की है कि क्या चूहे की संभाव्यता से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में चूहे के एंडोजिनस सीएलआईपी170 की साइलेंसिंग अनिवार्य है जिसे एलपीएस द्वारा जीवे एसआईआरएनए प्रदायगी तकनीक में उपयोग किया जाता है। जीवे एसआईआरएनए लक्षित सीएलआईपी170 या स्क्रैम्बल किए गए एसआईआरएनए को प्रदायगी एजेंट जीवे फेक्टामिन के साथ जोड़ा गया और इसके बाद सी57बीएल/6 मादा चूहों (एसआईआरएनए 50 माइक्रो ग्राम/चूहा) 6 सप्ताह की उम्र पर इंट्रावेनस इंजेक्शन दिया गया। परिणामस्वरूप सीएलआईपी170 के एंडोजिनस स्तर का विश्लेषण इम्यूनोब्लॉटिंग और क्यूपीसीआर द्वारा कूपफर कोशिकाओं में किया गया था। कूपफर कोशिकाओं में सीएलआईपी170 अभिव्यक्ति के स्तरों को एंडोजिनस सीएलआईपी170 की साइलेंसिंग में दर्शाए गए कंट्रोल की तुलना में कम पाया गया (चित्र 1ए और बी)। अगला, एसआईआरएनए से उपचारित यो नियंत्रण चूहों को एलपीएस का इंजेक्शन दिया गया तथा इनके यकृत में टीएनएफ–अल्फा और आईएल–6 के स्तरों का विश्लेषण किया गया। हमने देखा कि सीएलआईपी170 साइलेंस चूहों में कंट्रोल की तुलना में आईएल–6

और टीएनएफ–अल्फा अभिव्यक्ति के उच्च स्तर होते हैं (चित्र 2)। उस प्रक्रिया को पहचानने के लिए प्रयोग प्रगति पर हैं, जिनसे सीएलआईपी170 ऋणात्मक रूप से टीएलआर4 सिगनलिंग का नियमन करता है। इस जानकारी से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि ब्रूसेला किस प्रकार मेजबान में इसके चिरकालिक स्थायित्व के लिए टीएलआर4 माध्यित इनेट प्रतिरक्षी प्रतिक्रियाओं में बदलाव लाता है।

परियोजना 3 : बकरियों की पीपीआरवी सुग्राह्य और प्रतिरोधी नस्लों में नेक्टिन–4 और टीएलआर7 की अभिव्यक्ति स्तर का विश्लेषण।

पेस्टे डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पीपीआर) भेड़ों और बकरियों में होने वाला संक्रामक वायरस रोग है। पीपीआरवी के साथ उच्च रोग और उच्च मृत्युदर जुड़ी है, जिससे भारत में छोटे रुमिनेंट पशुओं की आबादी को हर साल 1800 मिलियन रुपए की हानि होती है। बारबरी और तैलीचेरी बकरियों की किस्में प्राकृतिक रूप से पीपीआरवी के लिए संवेदनशील होती हैं, जबकि कन्नी अडु और सालेम ब्लैक में पीपीआरवी प्रतिरोधकता दशाई जाती है। पीपीआरवी में दो प्राकृतिक कोशिकीय रिसेप्टर हैं, जो हैं सिगनलिंग लिम्फोसाइट एक्टिवेशन मॉलीक्यूल (एसएलएएम) और नेक्टिन–4 जो छोटे रुमिनेंट पशुओं की कोशिकाओं में प्रवेश करते हैं। टीएलआर7 द्वारा एकल स्ट्रैंड आरएनए को एंडोसोम में पहचाना जाता है, जो इनमेट वायरस रोधी प्रतिक्रियाओं की शुरूआत के लिए अनिवार्य है। हमने नेक्टिन – 4 और टीएलआर 7 जीनों के अभिव्यक्ति स्तरों को बारबरी, तैलीचेरी और कन्नी अडु किस्मों में जांच कर इन किस्मों के जीन अभिव्यक्ति स्तरों एवं रोग प्रतिरोधकता के बीच संबंध का पता लगाया। दिलचस्प रूप से हमारे क्यूपीसीआर विश्लेषण में नेक्टिन 4 अभिव्यक्ति का उल्लेखनीय रूप से कम स्तर और कन्नी अडु किस्म में टीएलआर 7 अभिव्यक्ति के बढ़े हुए स्तर प्राप्त हुए, जो पीपीआरवी संक्रमण के लिए प्रतिरोधक है (चित्र 3)।

सारांश

हमने मानव सीरम नमूनों में बी. मेलिटेंसिस के प्रतिरक्षी प्रभावी एंटीजन अभिज्ञात किए हैं। अभिज्ञात किए गए एंटीजन को भरोसेमंद सीरो नैदानिकी आमापनों तथा ब्रूसेलिस के लिए नई सब यूनिट या इम्युनो कंजुगेट टीकों के विकास में उपयोग किया जा सकता है। हम ब्रूसेला, टीसीपीबी के रोगजनक प्रोटीन का लाक्षणीकरण करते हुए यह समझना चाहते हैं कि ब्रूसेला किस प्रक्रिया द्वारा मेजबान में लंबे समय से चली आ रही प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को बदल देता है। हमने प्रदर्शित किया है कि टीसीपीबी अंतःक्रियात्मक प्रोटीन सीएलआईपी170 ऋणात्मक रूप से विनियमित करता है, एलपीएस द्वारा उद्दीपित टीएलआर4 सिगनलिंग को चूहों में दर्शाया गया है। हमने यह भी विश्लेषण किया है कि वायरस – मेजबान अंतःक्रिया के आधार पर नेक्टिन–4 के अभिव्यक्ति स्तर और पीपीआर रोग प्रतिरोधकता में टीएलआर7 से इसे समझने के लिए भी कार्य किया जा सकता है।



चित्र 1 : एसआईआरएनए लक्षित चूहे में सीएलआईपी170 की कमी। चूहे को 48 घण्टों के लिए सीएलआईपी170 एसआईआरएनए या नियंत्रण एसआईआरएनए के साथ उपचारित किया गया और इसके बाद कुपफर कोशिकाओं का संग्रह किया गया। इन कोशिकाओं का विश्लेषण एंडोजिनस सीएलआईपी170 के स्तरों की जांच के लिए इम्युनोब्लॉटिंग (क) और क्यूपीसीआर (ख) द्वारा किया गया। एक्टिन को लोडिंग कंट्रोल के रूप में रखा गया।



चित्र 2 : सीएलआईपी170 साइलेंस चूहे के लिवर में आईएल–6 और टीएनएफ–अल्फा के स्तरों की संभावना। एसआईआरएनए प्रदायगी के 72 घण्टे बाद चूहों को इंट्रापेरिटोनियल मार्ग से एलपीएस (25 मि. ग्रा. / कि. ग्रा.) का इंजेक्शन दिया गया और क्यूपीसीआर द्वारा आईएल–6 और टीएनएफ–अल्फा के स्तर ज्ञात किए गए। ये डेटा प्रति समूह ''' च ढ 0ण001 6 चूहों के दो स्वतंत्र प्रयोगों से + एसडी औसत के रूप में प्रस्तुत किए गए।



चित्र 3 : बारबरी और तैलीचेरी और कन्नी अडु बकरियों की नस्लों के पीबीएमसी में नेक्टिन–4 और टीएलआर7 की अभिव्यक्ति। एन=6, पी ≤ 0.01

लेप्टोस्पाइरा संक्रमण की मेजबान प्रतिक्रिया और आण्विक रोगजनन को समझना

प्रधान अन्वेषक	डॉ. सैयद फेसल, पीएच.डी	रामालिंगम अध्येता
प्रयोगशाला सदस्य	सुब्रत मुरुगन, पीएच.डी	अनुसंधान एसोसिएट (फरवरी 2016 तक)
	विवेक फणि वर्मा डी	परियोजना अध्येता (मार्च 2016 से)
	अनिल के सुनकारा	परियोजना अध्येता (मार्च 2016 से)
सहयोगकर्ता	प्रो. युंग–फू चांग, कार्नेल यूनिवर्सिटी, यूएसए	
	प्रो. एवेरी ऑस्ट, कॉर्नियल यूनिवर्सिटी, यूएसए	
	प्रो. सेंथिल कुमार, टीएएनयूवीएएस, भारत	
	प्रो. दीनकर राज, टीआरपीवीबी, भारत	
	प्रो. मंजुला श्रीथरण, एचसीयू, भारत	

उद्देश्य

लेप्टोस्पाइरोसिस एक जूनॉटिक रोग है जो ग्राम ऋणात्मक बैक्टीरिया, लेप्टोस्पाइरा एंटेरोगेंसिस द्वारा होता है जो दुनिया भर में फैला है। यह फार्म तथा घरेलू जंतुओं में घातक संक्रमण करने के साथ मनुष्यों को भी प्रभावित करता है (चित्र 1)। यह रोग भारत में बहुत अधिक प्रचलित होने के कारण इसका बहुत अधिक महत्व है क्योंकि देश मवेशी क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और पशु उत्पादों का विशाल उत्पादन किया जाता है। वर्तमान टीके से सीमित सुरक्षा मिलती है और वे संक्रमित पशुओं की पेशाब में बैक्टीरिया के निकलने की रोकथाम नहीं कर सकते हैं।

हाल के अनुसंधान में दर्शाया गया है कि लेप्टोस्पाइरा विविध लाइपो पॉलीसेकेराइड (एलपीएस) अभिव्यक्ति या सतही प्रोटीनों की डाउन रेगुलेटिंग अभिव्यक्ति से मेजबान प्रतिरक्षा हमले के बचाव के लिए तथा विभिन्न अंगों में तेजी से फैलने और संक्रमण फैलाने के जरिए टोल के समान ग्राही (टीएलआर) सिगनलिंग में बाधा पहुंचाते हैं। मेरे अनुसंधान समूह का मुख्य फोकस यह समझना है कि लेप्टोस्पाइरा किस प्रकार सतही प्रोटीनों के अवशोषण द्वारा टीएलआर द्वारा मेजबान की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया का मॉड्यूलन करते हैं और इस प्रकार संक्रमण स्थापित करते हैं। हमारा अनुसंधान निम्नलिखित उद्देश्यों पर केन्द्रित है।

1. यह निर्धारित करना कि क्या सतही प्रोटीनों के माध्यम से टीएलआर 2 / 4 को लक्षित करने से इनेट प्रतिक्रिया सक्रिय बनती है।
2. संबद्ध इंफ्लेमेटरी प्रतिक्रिया में शामिल मार्गों की पहचान करना।
3. लेप्टोस्पाइरोसिस के लिए उप इकाई वाले टीके के विकास के लिए सर्वोत्तम प्रत्याशी को अभिज्ञात करने और टीएलआर लक्षित इम्यून प्रतिक्रिया का विश्लेषण करना।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

मेजबान के प्राकृतिक प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर के मॉड्यूलन में बाहरी झिल्ली / सतही प्रोटीनों की भूमिका को संभालने के लिए हमने लेप्टोस्पाइरा अर्थात् एलआईपीएल32, एलएसए21 और एलआईजीए के कुछ बाहरी झिल्ली प्रोटीनों को क्लोन, अभिव्यक्त और शुद्ध किया है। हमने इसके बाद इनकी पात्रे प्राकृतिक प्रतिक्रिया को सक्रिय बनाने के लिए इनकी क्षमता की छानबीन की। इनमें से 21केडी लेप्टोस्पाइरा सतही एडहेशन (एलएसए21) द्वारा दर्शाया गया है कि टीएलआर2 की सशक्त गतिविधि से आरएडब्ल्यू 264.7 चूहा मैक्रोफेज सेल लाइन में प्रोइंफ्लेमेट्री साइटोकाइन का उत्पादन और सह–उद्दीपक अणुओं एवं मार्करों की अभिव्यक्ति तथा परिपक्वन होते हैं। प्राकृतिक प्रक्रिया का सक्रियण पी38 और जेएनके में तीव्र फॉस्फोराइलेशन के उद्दीपन द्वारा माइटोजन से सक्रिय बनाए गए प्रोटीन काइनेस (एमएपीके) पर निर्भर था। आगे मोनोक्लोनल एंटीबॉडी द्वारा टीएलआर2 और टीएलआर4 को ब्लॉक किया जाता है या टीएलआर2 और टीएलआर4 नॉकआउट चूहों से प्राप्त मैक्रोफेज के उपयोग द्वारा इन साइटोकाइन के उत्पादन में कमी आती है। पुनः, कनफोकल माइक्रोस्कॉपी और डॉकिंग अध्ययनों में पुष्टि की गई है कि एलएसए21 टीएलआर2 और टीएलआर4 दोनों के साथ सशक्त

रूप से अंतःक्रिया करता है। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि एलएसए21 एक संभावित टीएलआर2 और टीएलआर4 एगोनिस्ट है जो साइटोकाइन उत्पादन का उद्दीपन करता है, मैक्रोफेज कार्य को अप रेगुलेट करता है और यह लेप्टोस्पाइरोसिस के लिए सब यूनिट टीका विकास करने हेतु एक आशाजनक प्रत्याशी है। हम संभावित टीएलआर2 को सक्रिय बनाने वाले प्रोटीन / डोमेन की पहचान के लिए इन प्रयोगों को दोहराने की प्रक्रिया में हैं। इन्हें जे774 और टीएचपी1 सेल लाइनों का उपयोग करते हुए इंफ्लेमेट्री प्रतिक्रिया को समझने के लिए पुनः आगे परखा जाएगा। हमारा लक्ष्य लेप्टोस्पाइरा के लगभग 100 ओएमपी की छानबीन करना है।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : लेप्टोस्पाइरोसिस के विभिन्न सतही प्रोटीनों की टीएलआर 2 गतिविधियों का परीक्षण

हमने कुछ बाहरी झिल्ली 2 सतही प्रोटीनों को लेप्टोस्पाइरा में शुद्ध किया है अर्थात् एलआईपीएल32, एलएसए21 और एलआईजीए (चित्र 1)। इन प्रोटीनों में से एलएसए21 से सशक्त टीएलआर गतिविधि उद्दीपित होती है जिसकी पुष्टि ल्यूसीफरेस आमापन और एचईके293 कोशिकाओं द्वारा आईएल–8 के प्रेरण से की गई, जिन्हें टीएलआर2/4 प्लाज्मिड से ट्रांसफेक्ट किया गया (चित्र 2)। इसके बाद हमने पुष्टि की कि आरएडब्ल्यू264.7 चूहा मैक्रोफेज सेल लाइन पर एलएसए21 की टीएलआर 2 और टीएलआर4 गतिविधि होती है। हमारे परिणाम दर्शाते हैं कि एलएसए21 की टीएलआर 2/4 गतिविधि उस समय नाटकीय रूप से कम हो गई जब टीएलआर रिसेप्टरों को मोनोक्लोनल एंटीबॉडी से बंद कर दिया गया, जो प्रो. इंफ्लेमेटरी साइटोकाइन, आईएल–6 और टीएनएफ–अल्फा के कम उत्पादन से प्रकट हुआ (चित्र 3)। कंफोकल माइक्रोस्कोपी और प्रोटीन डॉकिंग अध्ययनों से एलएसए21 के साथ टीएलआर2 का सशक्त बंधन दर्शाया गया (चित्र 4)। प्राकृतिक प्रतिक्रिया का सक्रियण पी38 और जेएनके में उद्दीपन और तीव्र फॉस्फोराइलेशन द्वारा माइटोजन से सक्रिय बनाए गए प्रोटीन काइनेस (एमएपीके) के सक्रियण पर आधारित था। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि एलएसए21 टीएलआर2 और टीएलआर4 एगोनिस्ट की संभावना रखता है।

परियोजना 2 : मेजबान इम्यून प्रतिक्रिया के मॉड्यूलन में लेप्टोस्पाइरोसिस एलपीएस की भूमिका

हमारी संकल्पना है कि एलपीएस में विभिन्न प्रकार के लेप्टोस्पाइरा के अनेक विभेद पाए जाते हैं, जो इनकी रोगजनकता में योगदान देते हैं तथा विभिन्न मेजबानों को संक्रमित करने की क्षमता बढ़ाते हैं। इस संकल्पना के साथ हम भारत में प्रचलित विभिन्न लेप्टोस्पाइरा की किस्मों से एलपीएस का शुद्धिकरण कर रहे हैं और यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि मेजबान प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया के मॉड्यूलन में इसकी क्या भूमिका है। इस डेटा से लेप्टोस्पाइरा के प्रतिरक्षी भेदन को समझने में मदद मिल सकती है और इससे अनेक नए चिकित्सीय / औषधीय हस्तक्षेप की कार्यनीति के विकास में योगदान दिया जा सकता है।

परियोजना 3 : लेप्टोस्पाइरोसिस उत्परिवर्तियों का सृजन : नए रोगजनक कारक और टीका उम्मीदवारों की पहचान के परिप्रेक्ष्य में।

प्रस्तावित अनुसंधान में हमारा उद्देश्य यादृच्छिक म्यूटाजेनेसिस (हिमार1 ट्रांसपोसोन का उपयोग करते हुए) द्वारा लेप्टोस्पाइरा का सृजन करना और इन उत्परिवर्तियों का लाक्षणीकरण करना है ताकि आण्विक रोगाणुजनन को समझा जा सके और टीका विकास के लिए नए रोगजनक कारकों की पहचान की जा सके। इन उत्परिवर्तियों का जीवे लाक्षणीकरण किया जा रहा है और इन्हें पात्रे उदासीनीकरण के लिए परखा जा रहा है। ये उदासीन बनाए गए उत्परिवर्ती पुनः लेप्टोस्पाइरोसिस के हैमस्टर मॉडल में टीका उम्मीदवार के जीवित उदासीनीकरण की दक्षता हेतु परखे जाएंगे। प्रस्तावित अनुसंधान का लक्ष्य लेप्टोस्पाइरा रोगाणुजनन में हमारी समझ बढ़ाना है और हम सबयूनिट तथा जीवित उदासीन टीका विकसित करने के लिए नए रोगजनक कारकों की पहचान में योगदान देंगे।

सारांश

हमने टीएलआर2 और टीएलआर4 के माध्यम से एलएसए21 द्वारा प्राकृतिक प्रतिक्रिया को सक्रिय बनाने की विधि का विश्लेषण किया है। हमने ऐसे सिगनलिंग मार्गों को अभिज्ञात किया है जिनसे प्रोइंफ्लेमेट्री साइटोकाइन का उत्पादन किया जाता है। हम ऐसे हिस्से का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो टीएलआर 2/4 से जुड़ता है और एलएसए21 के विभिन्न उत्परिवर्ती बनते हैं। हम भी उद्दीपनकारी टीएलआर गतिविधि के अधिक से अधिक प्रोटीनों की छानबीन और लेप्टोस्पाइरा के खिलाफ प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया में एलटीएस की भूमिका का भी विश्लेषण करेंगे।

प्रकाशन

- **सैयद एम. फैसल'**, जॉय स्कारिया और युंग फू चांग। (2015) इम्युनोस्टिमुलेटरी फ्यूजोजेनिक एंड कंवेंशनल लाइपोसोम एडजुवेंट्स इंड्यूज्ड क्वालिटेटिवली एंड क्वांटिटेटिवली डिस्टिंक्ट इनेट एंड एडेप्टिव इम्यून रिस्पॉन्स। जर्नल ऑफ इम्यून रिसर्च 2 (2) : 1020 (अनुरूपी लेखक)।
- **सैयद एम. फैसल** (2015) लाइपोसम एडजुवेंट्स : सिमुलेटेनियस इंडक्शन ऑफ इनेट एंड एडेप्टिव इम्यूनिटी इज की टू सक्सेस. जे वैक्सीन इम्यून 1 (1) : 011– 013.



चित्र 1. लेप्टोस्पाइरा के जीएसटी संयुक्त बाहरी झिल्ली प्रोटीनों/ सतही प्रोटीनों का शुद्धीकरण। ओएमपी जीनों को पीजीईएक्स4टी2 रोगवाहक में क्लोन बनाया गया और ई. कोलाई में अभिव्यक्त किया गया, जिसे जीएसटी आगारोज कॉलमों के जरिए शुद्ध किया गया और एसडीएस–पीएजीई विश्लेषण किया गया। (क) लिप एल 32 (ख) एलएसए 21 (ग) लिग ए (लिगएवार) का चर क्षेत्र (घ) जीएसटी। आण्विक भार मार्करों का दायीं ओर उल्लेख किया गया है।



चित्र 2. . एचईके293 सेल लाइनों पर टीएलआर गतिविधियों के लिए लेप्टोस्पाइरा प्रोटीनों की स्क्रीनिंग। (क) लुसीफरेस आमापन का उपयोग करते हुए माप के रूप में सतही प्रोटीनों की टीएलआर2 गतिविधि। (ख) एलएसए21 के साथ उद्दीपन के बाद एचईके293 कोशिकाओं द्वारा आईएल–8 का आगमन। पीएएम3सीएसके को सकारात्मक नियंत्रण एवं जीएसटी को ऋणात्मक नियंत्रण के रूप में प्रयुक्त किया गया था। एलपीएस को संदूषित करने की क्रियाविधि को बाधित करने के लिए पोलीमिक्सिन बी का उपयोग किया गया था। यह पुष्टि करने के लिए की गतिविधि प्रोटीन के कारण है और एलपीएस के कारण नहीं है, प्रोटीन को डायजेस्ट करने के लिए प्रोटीनेस के उपयोग किया गया।



चित्र 3. टीएलआर2 और टीएलआर4 के माध्यम से आरएडब्ल्यू 264.7 कोशिकाओं में एलएसए21 द्वारा साइटोकाइन का स्राव। आरएडब्ल्यू264.7 कोशिकाएं टीएलआर2 मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के साथ ब्लॉकिंग या ब्लॉकिंग के बिना 2 माइक्रोग्राम / मि.ली. एलएसए21 के साथ उद्दीपित की गई और संवर्धन के ऊपरी हिस्से में साइटोकाइन मापे गए। (क) आईएल–6 (ख) टीएनएफ–अल्फा इसी प्रकार टीएलआर4 ब्लॉकिंग एंटीबॉडी का उपयोग किया गया और साइटोकाइन मापे गए। (ग) आईएल–6 और (घ) टीएनएफ–अल्फा. पीएएम3सीएसके का उपयोग धनात्मक कंट्रोल और जीएसटी ऋणात्मक कंट्रोल के रूप में उपयोग किए गए। एलपीएस के संदूषण में गतिविधि को संदमित करने के लिए पॉलीमिक्सिन बी का उपयोग किया गया। प्रोटीनेस के का उपयोग प्रोटीन को डाइजेस्ट करते हुए इसकी पुष्टि हेतु किया गया कि यह गतिविधि एलपीएस के कारण नहीं और प्रोटीन के कारण है।



चित्र 4. टीएलआर2 के साथ एलएसए21 सशक्त अंतःक्रिया करता है (क) आरएडब्ल्यू264.7 कोशिकाओं को एलएसए 21 (5 माइक्रोग्राम / मि.ली.) 30 मिनट के लिए उद्दीपित किया गया और इसके बाद इन्हें स्थिर बनाने पर एंटी एलएसए21 (सीरम) से अभिरंजित किया गया और एंटी माउस आईजीजी–एफआईटीसी, एपीसी कंजुगेटिड – माउस टीएलआर2 एमएबी (बायोलिजेंड) एंटीबॉडी तथा कंफोकल सूक्ष्मदर्शी द्वारा इसका विश्लेषण किया गया। (ख) प्रोटीन डॉकिंग से पुष्टि की गई है कि एलएसए21 टीएलआर2 के एलआरआर (11–13) हिस्से से जुड़ता है।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध की एंटीबायोटिक संवेदनशीलता और अन्वेषण तंत्र की निगरानी

प्रधान अन्वेषक : वसुंधरा भंडारी — डीएसटी – फास्ट ट्रैक युवा वैज्ञानिक (अप्रैल 2015 – फरवरी 2016)

सहयोगकर्ता : डॉ. परेश शर्मा — एनआईएबी, हैदराबाद
डॉ. पी. आनंद कुमार — एसवीवीयू, आंध्र प्रदेश

उद्देश्य :

सूक्ष्मजीव रोधी प्रतिरोध एक विशाल समस्या और एक वैश्विक सरोकार है। पेनीसिलिन की खोज बैक्टीरिया रोगाणु पर मानव जाति की एक महान विजय थी, जबकि इसकी शुरूआत के कुछ ही समय बाद हमने इससे प्रतिरोधक बैक्टीरिया की नस्ल को खो दिया। वर्तमान में जंतुओं और मनुष्यों में संक्रमण पैदा करने वाले बहु औषध प्रतिरोधक रोगाणु हमारे सामने बहुत सीमित उपचार विकल्प छोड़ते हैं और पुनः भविष्य में भी कोई ऐसे नए एंटीबायोटिक नहीं है जो इस परिदृश्य को अधिक सहायता पहुंचाएं। अतः मौजूदा बैक्टीरिया विभेदों की एंटीबायोटिक संवेदनशीलता की जांच की तत्काल जरूरत है और इसे समझने की जरूरत है कि प्रतिरोधकता प्रक्रिया में क्या निहित है, ताकि नए औषधि लक्ष्यों की पहचान की जा सके। जीनस स्टेफिलो कोकस के बैक्टीरिया विभेदों को सबसे अधिक प्रचलित रोगाणु माना जाता है, क्योंकि उनके मेजबानों की रेंज व्यापक है (मवेशी, बकरी, भेड़, मुर्गियां और मनुष्य) और ये किसी भी वर्ग के एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोधकता विकसित करने में स्वयं को बहुत अधिक अनुकूलित करते हैं। मनुष्यों में, मुख्य रूप से मवेशियों में ये थन का प्रज्जवलन पैदा करते हैं, जिससे मेस्टाइटिस हो जाता है, जबकि मनुष्यों में यह कई प्रकार के संक्रमण पैदा करते हैं (रक्तधारा के संक्रमण, निमोनिया, सेप्टिसेमिया आदि)। पुनः, स्टेफिलोकोकस की जूनोटिक संभाव्यता इसे अधिक घातक रोगाणु बनाती है।

अतः हमारा लक्ष्य कोएगुलेस धनात्मक स्टेफिलोकोकस ऑरियस और कोएगुलेस ऋणात्मक स्टेफिलोकोकाई के क्लिनिकल आइसोलेट की एंटीबायोटिक संवेदनशील रूपरेखा की छानबीन करना है, जो मवेशियों और मनुष्यों में संक्रमण फैलाते हैं, जिससे हमें औषधि संवेदनशीलता के आधारभूत आंकड़े मिलेंगे। दूसरे, हम लाक्षणीकृत विभेद में औषधि प्रतिरोधकता प्रक्रिया के प्रचालन की जांच करना चाहेंगे। पुनः, मनुष्य और पशु उदभव के विभेदों में औषधि प्रतिरोधकता प्रक्रिया की आंतरिक कार्यशैली को समझने और तुलना करने से इन रोगों के नियंत्रण हेतु नए औषधि लक्ष्यों की पहचान की जा सकती है।

परियोजना 1 : बोवाइन मेस्टाइटिस से संक्रमित पशुओं से अलग किए गए सूक्ष्मजीव रोधी प्रतिरोधक स्टेफिलोकोकाइ बैक्टीरिया का जीनोटाइपिक और फीनोटाइपिक लाक्षणीकरण

हमने 69 स्टेफिलोकस ऑरियस और 62 कोएगुलेस ऋणात्मक स्टेफिलोकोकाइ क्लिनिकल आइसोलेट मेस्टाइटिस से संक्रमित गायों के दूध के 300 नमूनों से प्राप्त किए। इन विभेदों का मानक आमापनों के साथ आण्विक (16एस आरआरएनए सिक्वेंसिंग) और जैव रासायनिक लाक्षणीकरण किया गया। सूक्ष्मजीव रोधी संवेदनशीलता की छानबीन 12 एंटीबायोटिक के लिए निर्धारित की गई, सीएलएसआई दिशानिर्देशानुसार अर्थात् एम्पीसिलिन, क्लिंडामाइसिन, सिप्रोफ्लॉक्सेसिन, एरिथ्रोमाइसिन, जेंटामाइसिन, रिफेम्पिसिन, टीकोप्लेनिन, टेट्रासाइक्लिन, सेफॉक्सीटिन, ऑक्सीसिलिन, लाइनजॉलिड और वैंकोमाइसिन। प्रतिरोधक जीन निर्धारक रूपरेखा (मैक ए; मेथिसिलिन / ऑक्सीसिलिन प्रतिरोधकता, मैक सी; मैक ए समजात, वैन ए; वैंकोमाइसिन प्रतिरोधकता निर्धारक) और स्टेफिलोकोकल कैसेट गुणसूत्र मैक एलिमेंट (एससीसी मैक) पर आधारित आण्विक टाइपिंग, एक मोबाइल आनुवंशिक तत्व युक्त मैक ए जीन को पीसीआर द्वारा सभी स्टेफिलोकोकाइ क्लिनिकल आइसोलेट के लिए निर्धारित किया गया है।

69 एस. ऑरियस विभेदों की एंटीबायोटिक संवेदनशीलता रूपरेखा से प्रकट हुआ कि इसमें क्लिंडामाइसिन (76.92 प्रतिशत), एरिथ्रोमाइसिन (64.10 प्रतिशत), एम्पीसिलिन (56.41 प्रतिशत), टेट्रासाइक्लिन (41.02 प्रतिशत) और सिप्रोफ्लॉक्सेसिन (35.89 प्रतिशत), के प्रति उच्च प्रतिरोधकता दर्शाई गई, रिफेम्पिसिन (20.51 प्रतिशत) और जेंटामाइसिन (15.38 प्रतिशत) के प्रति मध्यम प्रतिरोधकता देखी गई। जबकि ऑक्सीसिलिन, सेफॉक्सीटिन, वैंकोमाइसिन, टीकोप्लेनिन और लाइनजॉलिड के प्रति प्रतिरोधकता नहीं देखी गई। इसमें 62 सीओएनएस आइसोलेट की एंटीबायोटिक

संवेदनशीलता रूपरेखाओं से ऑक्सीसिलिन (79 प्रतिशत), सेफॉक्सीटिन (62.9 प्रतिशत), रिफेम्पिसिन (37 प्रतिशत), एम्पीसिलिन (35.4 प्रतिशत) और क्लिंडामाइसिन (32.3 प्रतिशत) के प्रति प्रमुख प्रतिरोधकता देखी गई। एरिथ्रोमाइसिन (25 प्रतिशत), टेट्रासाइक्लिन (20.9 प्रतिशत) के प्रति अल्प दर प्रतिरोधकता देखी गई। इन सभी विभेदों को लाइनजॉलिड, वैंकोमाइसिन और टीकोप्लेनिन के लिए संवेदनशील पाया गया था।

प्रतिरोधक जीन निर्धारक का पता लगाने के लिए पीसीआर आमापन में वैन ए और मैक सी की अनुपस्थिति सभी विभेदों में दर्शाई गई। एस. ऑरियस और सीओएनएस विभेदों के जीनोटाइपिक तथा फीनोटाइपिक लाक्षणीकरण से परिवर्ती और नई विशेषताओं के साथ इन विभेदों की पहचान की गई : हमें 19 एस. ऑरिस के विभेद मिले जो मैक ए जीन के लिए धनात्मक थे और ये ऑक्सीसिलिन के प्रति संवेदनशील थे। ऑक्सीसिलिन संवेदनशीलता के साथ मैक ए जीन के सह संबंध से ऑक्सीसिलिन संवेदनशील मैक ए धनात्मक विभेदों की पहचान की गई, जिनकी रिपोर्ट पशु उद्भव के विभेदों में भारत से पहले नहीं की गई थी। इन विभेदों से आनुवंशिक और फीनोटाइपिक परीक्षण के उपयोग किए गए जिसे अनिवार्य बनाया गया ताकि एकल परीक्षण का उपयोग करते हुए इनका आसानी से गलत निदान किया गया। ओएस–एमआरएसए विभेदों को दुनिया के अलग अलग हिस्सों में सामने लाया गया है, जबकि इस रहस्यमय फीनोटाइप के पीछे प्रक्रिया अब तक अज्ञात है। अतः इन अध्ययनों में ऐसे फीनोटाइप की प्रतिरोधक प्रक्रिया को समझने के प्रयास जारी हैं।

परियोजना 2 : वैंकोमाइसिन प्रतिरोधक स्टेफिलोकोकस ऑरियस का लाक्षणीकरण

वैंकोमाइसिन प्रतिरोधकता एस. ऑरियस (वीआरएसए) एक घातक रोगाणु है जो मनुष्य और जंतुओं में संक्रमण पैदा करता है। वैंकोमाइसिन को इन एमआरएसए संक्रमणों के इलाज के लिए अंतिम आश्रय की दवा के तौर पर माना जाता है। जबकि, वैंकोमाइसिन प्रतिरोधकता एस. ऑरियस (वीआरएसए) की रिपोर्ट भी दुनिया भर से की गई है। एमआरएसए विभेद प्लाज्मिड से उत्पन्न वैन ए जीन पर उत्पन्न होते हैं जिन्हें एंटेरोकोकस फीसियम से वैंकोमाइसिन के प्रति उच्च प्रतिरोधकता दशाई जाती है, जबकि वीआरएसए विभेदों की ही रिपोर्ट की गई है जिनमें वैन ए जीन नहीं होता। वीआरएसए विभेदों और प्रतिरोधकता की प्रक्रियाओं पर सीमित अध्ययन किए गए हैं, जबकि कोशिका की दीवार की मोटाई को एक चारित्रिक विशेषता के रूप में विकास के प्रमुख अध्ययनों का निष्कर्ष निकाला गया। अतः हमारा लक्ष्य क्लिनिकल आइसोलेट में वीआरएसए प्रतिरोधक प्रचालन की प्रक्रिया और फीनोटाइपिक बदलावों को समझना है।

अब तक पशु उदभव के स्टेफिलोकोकाइ विभेदों की छानबीन के बाद हम वीआरएसए विभेद (एमआईसी 8 मा.ग्रा./मि.ली. से कम) ज्ञात नहीं कर सकें। जबकि हमें वैंकोमाइसिन की कम संवेदनशीलता (आरवीएस, एमआईसी 2 मा.ग्रा./मि.ली. से अधिक) के कुछ विभेद मिले। हमने विभिन्न तृतीयक देखभाल के अस्पतालों से स्टेफिलोकोकाइ के मानव उद्भव के उच्च विभेदों की भी छानबीन की, जबकि कम वैंकोमाइसिन संवेदनशीलता के साथ कुछ ही विभेदों को पहचाना जा सका। पुनः हमने ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए संवेदनशील विभेदों की तुलना में वैंकोमाइसिन की कम संवेदनशीलता वाले विभेदों की कोशिका की दीवार की मोटाई का विश्लेशण किया। हमने देखा कि संवेदनशील विभेदों की तुलना में आरवीएस विभेदों की कोशिका भित्ति मोटी थी (चित्र 1)। अतः आगे हमारी योजना है कि उन्नत जीनोमिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए औषधि के दबाव के प्रति सहनशीलता प्रदान करने में कोशिका भित्ति प्रोटीनों की भमिका की जांच की जाए।



चित्र 1 : वैंकोमाइसिन संवेदनशील स्टेफिलोकोकस ऑरियस (वीएसएसए) और कम वैंकोमाइसिन संवेदनशील विभेद (आरएसवी) का ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी विश्लेषण। आरएसवी में संवेदनशील विभेदों की तुलना में मोटी कोशिका भित्ति होती है।

न्यू कैसल रोग वायरस संबंधी पोषद रोगजनक अंतःक्रिया अध्ययन

प्रमुख अन्वेषक :	माधुरी सुब्बैया	वैज्ञानिक सी
प्रयोगशाला सदस्य :	नवीन गुज्जर	परियोजना अध्येता (दिसम्बर 2015 तक)
	सारस्वती अय्यर	परियोजना अध्येता
	सौम्या नायर	परियोजना अध्येता (नवम्बर 2015 से)
	अर्चना यादव	न्यूटन फंड पीएच डी. छात्र (जनवरी 2016 से)
	वेंकटेश्वर जी	परियोजना अध्येता (मार्च 2016 से)
सहयोगकर्ता	डॉ. कुमानन कथियापेरूमल	टीएएनयूवीएएस, भारत
	डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी,	पी पेन्न स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए
	डॉ. पृथ्वीराज	ग्लोबियन प्राइवेट लि. हैदराबाद, भारत
	डॉ. टी. आर. कन्नकी,	कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, भारत
	डॉ. एम. आर. रेड्डी,	कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद, भारत

उद्देश्य

एवुल वायरस वंश में एवियन पैरामिक्सोवायरस (एपीएमवी) शामिल हैं। प्रोटोटाइप एपीएमवी–1 अथवा न्यू कैसल डिजीज वायरस (एनडीवी) से चूजों में अत्यधिक संक्रामक श्वसन, तंत्रिका अथवा आंत्र रोग होता है। एनडीवी से दुनिया भर की 250 पक्षी प्रजातियों में संक्रमण होता है और एनडी आर्थिक दृष्टि से भारत में मुर्गियों के लिए एक महत्वपूर्ण महामारी रोग है। एनडीवी अंडा उत्पादन पर प्रभाव डालता है और अधिकांशतः संक्रमित झुंडों में घातक होता है। एनडीवी की महामारी से मुर्गी पालन उद्योग पर विशाल आर्थिक प्रभाव होता है। इसमें रोग दर (उत्पादकता में हानि) और मृत्यु दर (संक्रमित पक्षियों की मौत) वायरस के विभेद और मेजबान प्रजाति की संवेदनशीलता पर निर्भर करती है।

एनडीवी का नियंत्रण काफी हद तक सुरक्षित और प्रभावी टीकों के नियमित उपयोग पर निर्भर करता है। रोगजनकता के आधार पर, एनडीवी उपभेदों को लेंटोजेनिक अथवा अनुग्र, मेसोजेनिक अथवा कम उग्र और वेलोजेनिक अथवा उग्र उपभेदों में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान में, टीकाकरण के लिए एनडीवी के जीवित कमजोर और मेसोजेनिक उपभेदों का उपयोग किया जाता है। जीवित उपभेदों वाली टीके की उपलब्धता के बावजूद, टीके का विफल होना एक आम बात है। इसका एक मुख्य कारण उग्र क्षेत्र उपभेद के खिलाफ टीका उपभेद की गैर–सुरक्षात्मक प्रकृति है। इस मुद्दे के समाधान के लिए, मेरी प्रयोगशाला में न्यू कैसल वायरल रोग (एनडीवी) हेतु प्रतिवर्ती आनुवंशिक प्रणाली स्थापित करने पर फोकस किया गया है। इस प्रणाली का उपयोग पक्षियों के रोगजनकों के खिलाफ ओवीओ प्रदायगी योग्य टीके में प्रभावी तापस्थिर और बहुतुल्य टीका तैयार करने के अंतिम लक्ष्य से वायरल जीवविज्ञान और पोषद रोगजनक में अंतःक्रिया को समझना है। हम वर्तमान में मेसोजेनिक वैक्सीनल उपभेद कोमारोव पर काम कर रहे हैं। टीके से प्रथम टीकाकरण के बाद द्वितीयक टीके के तौर पर और 4 सप्ताह से अधिक के चूजों में प्रयुक्त किया जाता है। कोमारोव उपभेद एक फील्ड आइसोलेट (1946 में फिलीस्तीन से) है जिसे चूजों में क्रमिक अंतः प्रमस्तिष्क मार्ग द्वारा परिवर्तित किया गया। हालांकि, इस उपभेद के टीके के रूप में लंबे समय से उपयोग किया जाता रहा है, इसके जीव विज्ञान के बारे में अभी तक केवल आंशिक जीनोम अनुक्रम की रिपोर्ट ही उपलब्ध है। हमने इस विभेद के पूर्ण जीनोम क्रम को पूरा किया है (जीन बैंक आरोहण सं. केटी 445901)। वर्तमान में निम्नलिखित अनुसंधान कार्य किए जा रहे हैं :

(1) सक्षम बहुतुल्य टीके के लिए रोगवाहक प्रणाली विकसित करने के लिए एनडीवी उपभेद कुमारोव के लिए प्रतिवर्ती आनुवंशिक प्रणाली स्थापित करना।
(2) विषाणु जीव विज्ञान और पोषद–रोगजनक प्रतिक्रियाओं में गैर–संरचनात्मक विषाणु प्रोटीन (डब्ल्यू) की भूमिका को समझना।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

परियोजना 1 : रिवर्स आनुवंशिक प्रणाली की स्थापना

संपूर्ण जीनोम सिक्वेंसिंग से प्राप्त डेटा का उपयोग पूरी लंबाई के क्लोन निर्माण में किया गया था और इससे प्लाज्मिड को समर्थन दिया गया, जिसे पुनर्योगज वायरस की प्राप्ति में उपयोग किया जाएगा।

परियोजना 2 : एनडीवी के गैर संरचनात्मक वायरल प्रोटीन (डब्ल्यू) की भूमिका समझना

एनडीवी द्वारा दो गैर संरचनात्मक (एनएस) प्रोटीनों, वी और डब्ल्यू को पॉलीमरेस स्टुटरिंग प्रक्रिया द्वारा पी जीन के सह अनुलेखन (एमआरएनए) संपादन द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है। ये दो एनएस प्रोटीन पी प्रोटीन के साथ सामान्य एन टर्मिनल वाला हिस्सा साझा करते हैं और सी टर्मिनल के सिरे पर इनमें अंतर होता है। ये एनएस प्रोटीन विरियॉन में पैक नहीं होते बल्कि ये केवल तब व्यक्त किए जाते हैं जब वायरस सक्रिय रूप से मेजबान कोशिका में द्विगुणित होता है। हमारे वर्तमान अध्ययन में इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास किया गया है : एनडीवी द्वारा केवल वायरस के संक्रमण के दौरान डब्ल्यू प्रोटीन अभिव्यक्त किया जाता है? क्या डब्ल्यू एमआरएनए और / या प्रोटीन वायरस के द्विगुणन और अनुलेखन का मुख्य कारक है जो मेजबान प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया या रोगाणुजनन को टाल सकता है?

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : रिवर्स आनुवंशिक प्रणाली के लिए पूरी लंबाई वाले क्लोन का निर्माण

रिवर्स आनुवंशिक प्रणाली एक सशक्त साधन है जो वायरस के जीनोम में प्रकटन करता है और यह वायरस के आण्विक जीव विज्ञान को समझने तथा आनुवंशिक रूपांतरित प्रभावी टीकों की खोज में उपयोगी होगा। एनडीवी को क्लोन किए गए सीडीएनए से दक्षतापूर्वक प्राप्त करने की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए हम एक प्लाज्मिड आधार प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं जो कोशिकीय आरएनए पॉलीमरेज 2 द्वारा अनुलेखन की अनुमति देता है। एनडीवी विभेद कोमारोव के संपूर्ण जीनोम क्रम के आधार पर हम पूरी लंबाई वाली क्लोन को जोड़ते हैं और इस प्रकार हमने समर्थन प्लाज्मिड, एन, पी और एल को सफलतापूर्वक क्लोन किया है। इन प्लाज्मिड का उपयोग पुनर्योगज वायरस को प्राप्त करने में किया जाएगा।

परियोजना 2 : वायरस जीव विज्ञान और मेजबान – रोगाणु अंतःक्रिया में गैर संरचनात्मक वायरस प्रोटीन की भूमिका को समझना

एनडीवी एक एन्वेलप युक्त वायरस है जिसमें ऋणात्मक सेंस, एकल स्ट्रैंड आरएनए जीनोम के साथ 6 जीन टेंडम कोडिंग में 6 संरचनात्मक प्रोटीनों के लिए व्यवस्थित होते हैं : न्यूक्लियो कैप्सिड प्रोटीन (एनपी), फॉस्फो प्रोटीन (पी), मैट्रिक्स प्रोटीन (एम), फ्यूजन प्रोटीन (एफ), हिमएग्लुटिनिन – न्यूरोएमिनिडेस (एचएन प्रोटीन और बड़े पॉलीमरेस (एल) प्रोटीन। इसके अलावा एनडीवी से दो एनएस प्रोटीन, वी और डब्ल्यू पॉलीमरेस स्टुटरिंग प्रक्रिया द्वारा पी जीन के सह अनुलेखन (एमआरएनए) संपादन द्वारा वायरस के संक्रमण के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। एक एकल नॉन टेम्प्लेटिड जी अवशेष को डालने के परिणाम फलस्वरूप वी प्रोटीन में और दो जी अवशेषों को डालने से डब्ल्यू प्रोटीन प्राप्त होता है। ये दोनों एनएस प्रोटीन सामान्य एन – टर्मिनल हिस्सा पी प्रोटीन के साथ साझा करते हैं और इनके सी–टर्मिनल सिरे भिन्न होते हैं। ये एनएस प्रोटीन विरियॉन में पैक नहीं होते हैं बल्कि ये केवल तब अभिव्यक्त होते हैं जब वायरस मेजबान कोशिका में सक्रिय रूप से द्विगुणन करता है। जबकि वी प्रोटीन की भूमिका को व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है और इसे एंटी इंटरफेरॉन बताया गया है, डब्ल्यू प्रोटीन का कार्य अब भी काल्पनिक बना हुआ है। डब्ल्यू प्रोटीन के क्रम विश्लेषणों के हमारे प्रारंभिक अध्ययन में बुनियादी एमिनो एसिड से भरपूर हिस्सों वाले सी टर्मिनल हिस्से का प्रदर्शन किया गया है जिसमें संभावित न्यूक्लियर लोकलाइजिंग सिगनल (एनएलएस; चित्र 1) दर्शाया गया है। हमारे सब सेल्यूलर लोकलाइजेशन अध्ययनों में दर्शाया गया है कि साइटोप्लाज्म में पी और वी लोकलाइज होते हैं, जबकि डब्ल्यू प्रोटीन प्रधान रूप से न्यूक्लियस में पाया जाता है (चित्र 2)। उत्परिवर्तन अध्ययनों से हमने ऐसे एमिनो एसिड अवशेषों को अभिज्ञात किया है जो डब्ल्यू प्रोटीन के न्यूक्लियर लोकलाइजेशन में योगदान देते हैं (चित्र 3क और 3ख)। हमारे भावी निर्देश इसे समझने के लिए हैं कि प्रोटीन नाभिक के अंदर लोकलाइज क्यों होता है। इस अध्ययन के परिणाम से वायरस के जीवन चक्र की बारीक बातों को समझने की सक्षमता मिलेगी जिन्हें चिकित्सीय विशिष्ट और प्रभावी टीकों को एनडी के खिलाफ विकसित करने में उपयोग किया जा सकता है।

सारांश

एनडीवी विभेद कोमारोव के समग्र जीनोम क्रम को पूरा करने के बाद, प्रयोगशाला का अनुसंधान रिवर्स आनुवंशिक प्रणाली के उपयोग से पुनर्योगज वायरस उत्पन्न करने के लिए जारी है।

हमारे आरंभिक जैव सूचना विज्ञान विश्लेषणों में अनुमान लगाया गया 1) डब्ल्यू प्रोटीन नाभिक में लोकलाइज होता है, 2) डब्ल्यू प्रोटीन के सी टर्मिनल डोमेन का क्रम विश्लेषण करने पर इससे बुनियादी एमिनो एसिड अवशेषों के हिस्से प्रकट होते हैं , जिससे एनएलएस की संभावना का पता लगता है, 3) डब्ल्यू प्रोटीन में प्रोटीन – प्रोटीन अंतःक्रिया स्थान और प्रोटीन – न्यूक्लिक एसिड अंतःक्रिया स्थान होने का अनुमान लगाया गया है और 4) पुनः ओंटोलॉजी के अध्ययन में मेजबान प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया समाप्त करने में डब्ल्यू प्रोटीन की संभावित भूमिका दर्शाई गई है।

हमारे कंफोकल अध्ययनों में पहली बार दर्शाया गया है कि एनडीवी पी प्रोटीन केवल साइटोप्लाज्म में लोकलाइज होता है जबकि एनडीवी वी प्रोटीन प्रधान रूप से साइटोप्लाज्म में देखा जाता है और यह नाभिक के आस पास जमा होता है। एनडीवी डब्ल्यू प्रोटीन खास तौर पर नाभिक में लोकलाइज था। लाइसिन/ आर्जिनाइन अवशेषों के उत्परिवर्तन से एलेनिन विस्थापन के साथ हमने डब्ल्यू प्रोटीन के संभावित एनएलएस (141–142, 162–163 और 165–166 स्थितियों पर बुनियादी एमिनो एसिड अवशेष) को अभिज्ञात किया है। जबकि इन अवस्थाओं पर एकल एमिनो एसिड उत्परिवर्तन से डब्ल्यू प्रोटीन के नाभिकीय लोकलाइजेशन पर असर पड़ता है, इन हिस्सों के दोहरे परिवर्तन से स्पष्ट रूप से डब्ल्यू प्रोटीन के नाभिक प्रवेश को नुकसान पहुंचता है। दिलचस्प है कि ये दोहरे उत्परिवर्ती एनडीवी वी प्रोटीन के समान नाभिक के आस पास जमा हो गए थे। अब हम डब्ल्यू प्रोटीन के नाभिकीय ट्रांसलोकेशन के महत्व को समझने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

प्रकाशन

- एस पी वैद्यनाथन, एस गवई, **एम सुब्बैया** (2016) एल्यूसिडेशन ऑफ द रोल ऑफ नॉन–स्ट्रक्चरल वायरल प्रोटीन (डब्ल्यू) ऑफ न्यू कैसल डिजीज वायरस. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंफेक्शस डिजीज 45, 337–338. (2–5 मार्च, 2016 को हैदराबाद में, संक्रामक रोगों पर 17वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुतीकरण)।

चित्र 1 : एनडीवी डब्ल्यू प्रोटीन के सी टर्मिनल डोमेन का एए सिक्वेंस। एक संभावित नाभिकीय लोकलाइजेशन सिगनल (एनएलएस) क्रम लाल रंग में है। के / आर अवशेषों के एलेनिन प्रतिस्थापक एनएलएस कार्यात्मकता की जांच हेतु किए गए।

```
                141  142                                162  163
...GAHGRAP K   R   GTTNVRLNSREVNPAAETV R   K   D
 164  165
R   R   TKSRPPLETRAQTRTQHIMDNGRSHNYQLVQPLMLSDQGRAKTIPLYLR
IMSSHL.
```

चित्र 2 : प्रोटीनों के साथ ट्रांसफेक्ट किया गया है। उपरोक्त कंफोकल तस्वीरों में सेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइज़ेशन में प्रोटीनों का लोकलाइजेशन दर्शाया गया है। नाभिकों को डीएपीआई से नीले रंग में रंगा गया है। जबकि पी और वी प्रधान रूप से साइटोप्लाज्म में लोकलाइज हैं, एनडीवी डब्ल्यू प्रोटीन को नाभिक में लोकलाइज देखा गया है।



चित्र 3 ए : डब्ल्यू एकल उत्परिवर्तियों का सेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइज़ेशन



चित्र 3 बी : डब्ल्यू दोहरे उत्परिवर्तियों का सेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइज़ेशन



चित्र 3ए और एबी : डब्ल्यू उत्परिवर्तियों का सेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइज़ेशन। वैरो कोशिकाओं को एचए टैग युक्त एनडीवी पी, डब्ल्यू उत्परिवर्ती प्रोटीनों के साथ ट्रांसफेक्ट किया गया है। उपरोक्त कंफोकल तस्वीरों में सेल्यूलर कम्पार्टमेंटलाइलेशन में प्रोटीनों का लोकलाइज़ेशन दर्शाया गया है। नाभिकों को डीएपीआई से नीले रंग में रंगा गया है।

पीपीआर और एफएमडी अनुसंधान

प्रमुख अन्वेषक :	सत्या परिदा	एनआईएबी अतिथि संकाय
सहयोगकर्ता	डॉ. दिनकर राज	टीएएनयूवीएएस, चेन्नई
	प्रो. परिमल रॉय	टीएएनयूवीएएस, चेन्नई
	डॉ. आर. पी. सिंह	आईवीआरआई, बरेली
	डॉ मुथु चेलवन	आईवीआरआई, मुक्तेश्वर
	डॉ. हनुमंत राव	वीबीआरआई, हैदराबाद
	डॉ. कृष्णा ज्योति	वीबीआरआई, हैदराबाद
	डॉ. गिरीश राधाकृष्णन	एनआईएबी, हैदराबाद
	डॉ. अपर्णा राचमल्लू	एनआईएबी, हैदराबाद
	डॉ. बी. पट्नाइक	पीडीएफएमडी, मुक्तेश्वर
	डॉ. मदन मोहन	आईआईएल, हैदराबाद
	डॉ. कपिल मिथल	आईआईएल, हैदराबाद
	डॉ. बालामुरुगन	एनआईवीईडीआई, बैंगलोर

उद्देश्य

हमारा अनुसंधान मार्कर टीकों के विकास और सत्यापन तथा इससे जुड़ी एफएमडी और पीपीआर के आण्विक लाक्षणीकरण सहित नैदानिकी पर जांच की तीन दिशाओं पर फोकस है : (1) प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर के पक्षों पर हमारी समझ में सुधार जो चिरकालिक और स्थायी संक्रमण के खिलाफ टीकाकृत जंतुओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं; (2) टीकाकृत जंतुओं में संक्रमण का पता लगाने के महत्वपूर्ण साधनों का विकास तथा इसे पैदा करने वाले एजेंट का आण्विक लाक्षणीकरण, और (3) उन्नत मार्कर टीकों का विकास और मूल्यांकन (अर्थात् टीकाकृत जंतुओं (डीआईवीए) टीकों से अवकलित संक्रमण) जो एफएमडी और पीपीआर के लिए होते हैं। मार्कर टीकों से संक्रमित और टीकाकृत जीवों के बीच अंतर किया जा सकता है, जो खास तौर पर मवेशियों को प्रभावित करने वाली रोग महामारी के नियंत्रण के लिए खास तौर पर महत्वपूर्ण है।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : पीपीआरवी का पता लगाने के लिए एनआईएबी में वास्तविक समय आरटी–पीसीआर की स्थापना

पीपीआर के लिए वास्तविक समय आरटी–पीसीआर स्थापित किया गया है। पीपीआर के आक्रमण का मूल्यांकन तथा वीबीआरआई के लिए प्रायोगिक नमूनों पर कार्य किया गया है।

परियोजना 2 : वीबीआरआई के लिए भेड़ और बकरियों के सहयोग में संयुक्त पीपीआर और चेचक के टीके का मूल्यांकन

वीबीआरआई के साथ सहयोग से भेड़ों और बकरियों को पीपीआर तथा पॉक्स टीके लगाए गए थे। जंतुओं को टीका लगाने के एक वर्ष बाद उन्हें पीपीआर और पॉक्स वायरस का सामना कराया गया। बकरी के पॉक्स और पीपीआर के संयुक्त टीकों से टीकाकरण के एक साल तक पूरी सुरक्षा मिली, जबकि भेड़ों के पॉक्स टीके से आंशिक सुरक्षा मिली। चुनौती की विधि पीरब्राइट इंस्टीट्यूट चैलेंज प्रोटोकॉल के अनुसार मानकीकृत की गई थी।

कार्य प्रगति पर : टीकाकरण के दूसरे और तीसरे वर्ष के बाद पीपीआर और बकरी पॉक्स टीकों के लिए प्रतिरक्षा की अवधि का पता लगाने हेतु टीकाकृत भेड़ और बकरियों के समूह को चुनौती दी गई थी।

परियोजना 3 : पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पीपीआर) के लिए मार्कर टीकों और डीआईवीए परीक्षणों के विकास और मेजबान रोग प्रतिरोधकता की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझना :

इस परियोजना का निधिकरण डीबीटी–बीबीएसआरसी एफएडीएच (टीपीआई, एनआईएबी, टीएएनयूवीएएस और आईवीआरआई के सहयोग) द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है और इसका लक्ष्य भेड़ों और बकरियों की विभिन्न प्रजातियों में पीपीआर की रोग प्रतिरोधकता का अध्ययन करना तथा राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम के लिए डीआईवीए टीके का विकास करना है। फार्म पर रखे जाने वाले जंतु रोग और स्वास्थ्य (एफएडीएच) अनुदान के विस्तार के तहत पीरब्राइट इंस्टीट्यूट के साथ सहयोग करते हुए और रिवर्स आनुवंशिकी तकनीक के इस्तेमाल से, ऐसा पहली बार हुआ कि एक पूरी लंबाई के सी. डीएनए क्लोन से भारतीय पीपीआर टीका विभेद (सुंगरी 96) को प्राप्त किया गया। इस टीका विभेद को एक डीआईवीए (डिफरेंशिएटिंग इंफेक्शन इन वैक्सीनेटिड एनिमल्स)

परियोजना 4 : लंबी अवधि प्रतिरक्षा को प्राप्त करने के लिए नए एजुवेंटों के साथ एफएमडी टीके का प्रतिरक्षा मूल्यांकन (टीपीआई, आईआईएल और एनआईएबी)

इस परियोजना को हाल ही में बीबीएसआरसी को सौंपा गया। मवेशियों के टीकाकरण अगस्त, 2016 में जल्दी ही इंडियन इम्युनोलॉजिकल्स पर शुरू किया जाएंगे।

2016 और 2016 के लिए नए अंतरराष्ट्रीय निधियों की उपलब्धि

1. पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पीपीआर) के लिए मार्कर टीकों और डीआईवीए परीक्षणों के विकास और मेजबान रोग प्रतिरोधकता की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझना : डीबीटी–बीबीएसआरसी एफएडीएच (जुलाई, 2016) द्वारा निधिकरण।

2. लंबी अवधि प्रतिरक्षा को प्राप्त करने के लिए नए एजुवेंटों के साथ एफएमडी टीके का प्रतिरक्षा मूल्यांकन। बीबीएसआरसी, यूके द्वारा निधिकरण (शुरू होने की तिथि : जुलाई 2016)

प्रकाशन

- **परिदा एस,** मुनिराजू एम, महापात्रा एम, मुथु चेलवन डी, बुजकोवस्की एच, बैनयार्ड ए सी (2015) पेस्टे डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स. वेटेरिनरी माइक्रोबायोलॉजी 181 (1–2): 90–106.

- **परिदा एस,** काउसी – हैमन ई, पोप आर ए, महापात्रा एम, ईआई हर्रक एम, ब्राउनली जे, बैनयार्ड एस सी (2015) पैथोलॉजी ऑफ पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स इन : मुनीर एम (ईडी) पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स वायरस. स्प्रिंगर, हीडलबर्ग, 51–67.

- **परिदा एस,** मुनिराजू एम, आल्तान ई, बाज़ीज़ी आर, दिनकर राज जी, महापात्रा एम (2016) इमरजेंसी ऑफ पीपीआर एंड इट्स थ्रीट टू यूरोप. स्मॉल रूमिनेंट रिसर्च, एस 0921–4488(16) : 30043–8.

आण्विक स्तर पर मेजबान – परजीवी – वाहक अंतःक्रियाओं को समझना

प्रधान अन्वेषक	आनंद श्रीवास्तव	वैज्ञानिक सी
प्रयोगशाला सदस्य	श्वेता नोरी	परियोजना एसआरएफ (फरवरी 2016 तक)
	अनिल कुमार कोठा	पीडीएफ (दिसम्बर 2015 तक)
	प्रसन्ना बाबू अरावती	परियोजना अध्येता (सितम्बर 2015 से)

उद्देश्य

मेरे अनुसंधान समूह का कार्य ''टिक्स और टिक से होने वाले रोगों'' (टीटीबीडी) पर है, जो भारत जैसे विकासशील देशों में विशेष रूप से होने वाली उच्च आर्थिक हानि के लिए जिम्मेदार है। खून चूसने के अलावा टिक्स विभिन्न रोगों के वाहक के रूप में भी कार्य करते हैं और बैक्टीरिया, वायरस तथा परजीवी से होने वाले रोग पैदा करते हैं। भारत के संदर्भ में टिक्स द्वारा भेजे जाने वाले महत्वपूर्ण परजीवी हैं थिलेरिया और बबेसिया। इन परजीवियों का मेजबान तथा वाहक (टिक) के साथ जटिल अभिक्रियाएं होती हैं। इन अतःक्रियाओं के आण्विक रूप से समझने पर परजीवियों और वाहक दोनों की उत्तरजीविता के महत्वपूर्ण मार्गों के बारे में अहम जानकारी मिलेगी। पुनः, इन महत्वपूर्ण अंतःक्रियाओं में बाधा डालना परजीवियों तथा वाहकों के लिए घातक होगा।

मेरी अनुसंधान रुचि मेजबान रोगाणु विषमवार्ता में शामिल आण्विक अंतःक्रियाओं को समझने तथा विशेष रूप से थिलेरिया टीका और नैदानिक विकास के लिए संभावित लक्ष्यों की पहचान करने में है।

थिलेरिया प्रजाति से मवेशी और भेड़ों सहित रुमिनेंट संक्रमित होते हैं और उन्हें थिलेरियोसिस हो जाता है। थिलेरिया परजीवी अवैकल्पिक अंतर्कोशिकीय एपिकॉम्प्लेक्सन हिमोप्रोटोजोअन हैं। भारतीय बोवाइन में, थिलेरियोसिस मुख्य रूप से थिलेरिया एन्युलेटा से होता है और इस रोग को ''बोवाइन ट्रॉपिकल थिलेरियोसिस'' कहते हैं। यह रोग विशिष्ट किस्मों में, उनके संकर किस्मों और कम आयु वाले स्वदेशी बछड़ों में बहुत अधिक पाया जाता है।

हमारा लक्ष्य परजीवियों और वाहक की उत्तरजीविता के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी चयापचय मार्गों को समझना है। हम आण्विक जीव विज्ञान, इमेजिंग, पात्र परजीवी संवर्धन तकनीकों के साधनों का उपयोग करते हुए बुनियादी चयापचय मार्ग की जांच करते हैं। पुनः, हम फार्म स्तर पर रोग का भार समझने के लिए जन सांख्यिकी अध्ययन करते हैं। विशेष रूप से हम निम्नलिखित उद्देश्यों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं :

1) थिलेरिया परजीवी द्वारा मेजबान कोशिका के रूपांतरण में शामिल आण्विक प्रक्रियाओं को समझना
2) रक्त आहार के दौरान टिक द्वारा हिमोग्लोबिन ग्रहण को समझना।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

हमने क्षेत्र से प्रयोगशालाओं की दशाओं के लिए पृथक्कीकृत थाइलिरिया से संक्रमित लसीका कोशिकाओं को सफलतापूर्वक अपनाया है। थाइलिरिया विशिष्ट जीनों के लिए पीसीआर का उपयोग करते हुए थाइलिरिया की मौजूदगी का पता लगाया गया था। यादृच्छिक नमूना लेने में, हमने फील्ड में थाइलिरिया से लगभग 12 प्रतिशत संक्रमण का अनुमान लगाया है। आगे हमने पोषद कोशिकाओं में रूपांतरण में थाइलिरिया जनजीवी के अणुओं की भूमिका समझने की ओर काम करना शुरू कर दिया है। इसी के साथ, हमने टिक्स द्वारा रक्त के पाचन में शामिल आण्विक तंत्र को समझने के लिए अनुसंधान कार्य शुरू कर दिया।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : थाइलिरिया परजीवी द्वारा पोषद कोशिका के रूपांतरण में शामिल आण्विक तंत्र (तंत्रों) को समझना।

कुछ थाइलिरिया प्र. में पोषद कोशिकाओं को रूपांतरित करने की क्षमता है। ये केवल यूकेरिओट्स हैं जो अन्य यूकेरियोटिक कोशिकाओं को रूपांतरित कर सकते हैं। हमारा समूह थाइलिरिया परजीवियों द्वारा पोषद कोशिका में रूपांतरण की प्रक्रिया के आधारभूत आण्विक तंत्र को समझना चाहता है।

थाइलिरिया परजीवियों को रक्त मील के दौरान संक्रमित टिक द्वारा पोषद की रक्त धारा में प्रविष्ट कराया गया। परजीवी (स्पोरोजॉइट्स), लसीका कोशिकाओं अथवा वृहदभक्षिका कोशिका पर आक्रमण कर इसे रूपांतरित करता है। परजीवी पोषद कोशिकाओं के साथ–साथ गुणन करते हैं। अंतराकोि ाकीय परजीवी, पोषद कोशिका के आण्विक मार्ग (मार्गों) में हेर–फेर करता है। कई अनुसंधान समूहों ने परजीवियों द्वारा विभिन्न पोषद मार्गों के मॉड्यूलेशन दिखाया है। तथापि, ऐसे परजीवी कारकों को समझने के लिए सीमित अध्ययन किए गए हैं जिनसे ये मार्ग कम होते हैं। थाइलिरिया एनूलता और थाइलिरिया पर्वा (रूपांतरकर्ता परजीवी) के जीनोम अनुक्रमण की उपलब्धता से, उन प्रोटीनों की भविष्यवाणी करना अधिक आसान है जो रूपांतरण की प्रक्रिया में भूमिका अदा कर सकते हैं।

हमने पहले से कुछ क्षमतावान प्रत्याशियों की पहचान की है जो इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं, जैसे प्रोहिबिटिन और साइक्लोफिलिन। हाल ही में मारसोलियर आदि (2015, नेचर 520 (7547) : 378–82) में दर्शाया गया कि टीएपीआईएन1 नामक साइक्लोफिलिन मेजबान कोशिका के रूपांतरण में शामिल है। हम इसके संदमनों पर कार्य जारी रखते हैं। प्रोहिबिटिन विकास के क्रम में संरक्षित जीन हैं, जो एक समान अभिव्यक्त होते हैं और मुख्यतः सूत्रकणिका और केंद्रकों में अवस्थित होते हैं। इन प्रोटीनों के कार्यों में प्रवर्धन–रोधन, ट्यूमर दमनकर्ता, कोशिका चक्र और एपोप्टोसिस का नियमन शामिल है। इसके अलावा, कुछ अध्ययनों में कोशिकीय अमरत्व और जीर्यमान प्ररूपी में इनकी भूमिका भी दिखाई गई है। टी. एनुलेता जीनोम डेटाबेस में प्रोहिबिटिन जीन के लिए न्यूक्लियोटाइड विस्फोट के परिणामस्वरूप तीन स्वीकृत जीन (टीए04375, टीए19320 और टीए 08975) मिले हैं। इन स्वीकृत प्रोटीनों के बहु–संरेखण से टीए04375 और टीए19320 के बीच काफी अधिक समानता दिखाई दी है। पीईटी 21 में जीन कोडित करने वाले स्वीकृत प्रोहिबिटिन (टीए19320) का क्लोन बनाया गया और बीएल21 डीई3 कोशिकाओं में अभिव्यक्त किया गया जिसकी पुष्टि एंटी–हिज एंटीबॉडी के उपयोग से वैस्टर्न ब्लॉट विश्लेषण द्वारा की गई थी। जबकि हमारे निष्ठापूर्वक किए गए सभी प्रयासों के बावजूद हम इस प्रोटीन को घुलनशील रूप में अभिव्यक्त नहीं कर सके। इस कारण से हमने प्रोहिबिटिन के लिए 15–एमईआर पेप्टाइड संश्लेषित किया और वर्तमान में इस पेप्टाइड के खिलाफ एंटीबॉडी तैयार किया जा रहा है। पेप्टाइड एंटीबॉडी का उपयोग संक्रमित परजीवों में प्रोटीन का पता लगाने के लिए किया जाएगा और इन एंटीबॉडी के साथ पुल डाउन आमापन किए जाएंगे।

सारांश

जबकि प्रोहिबिटिन जीन पुनर्योगज रूप से अभिव्यक्त की गई थी, फिर भी घुलनशील पुनर्योगज प्रोहिबिटिन प्रोटीन तैयार करने के प्रयास फलदायी नहीं रहे। इस प्रोटीन के संश्लेषित पेप्टाइड के खिलाफ एंटीबॉडी तैयार करने के प्रयास वर्तमान में जारी हैं।

अंतर्कोशिकीय रोगजनकों के संक्रमण के दौरान रोग के रोगजनन पर अध्ययन

प्रमुख अन्वेषक	परेश शर्मा	वैज्ञानिक सी
प्रयोगशाला के सदस्य	नीना जॉर्ज	परियोजना अध्येता
	पेड्डी रेड्डी	परियोजना अध्येता (अप्रैल 2015 तक)
	हिरल मिस्त्री	परियोजना अध्येता (जुलाई 2015 तक)
	दीपक जी	परियोजना अध्येता (सित. –दिस. 2015)
	सुदिप्ता मेहतो	परियोजना अध्येता (सितम्बर 2015 से)
पीएच.डी छात्र	हिरल मिस्त्री	पीएच.डी छात्र (जुलाई 2015 से)
सहयोगकर्ता	प्रो. पी. रेड्डन्ना	अध्यक्ष, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस, एचसीटी, भारत
	प्रो. आनंद कुमार	एसवी, वेटरीनरी विश्वविद्यालय, भारत
	डॉ. वसुंधरा भंडारी	डीएसटी–इंस्पायर संकाय, एचसीयू, भारत

परियोजना 1 : बोवाइन थेलेरियोसिस पैदा करने वाले थेलीरिया परजीवियों की आनुवंशिक विविधता और रोग के रोगजनन का अध्ययन

उद्देश्य

थेलेरियोसिस टिक से होने वाला एक महत्वपूर्ण रोग है जो मुख्य रूप से थेलेरिया एन्यूलेटा से होता है और यह मवेशियों में होने वाला सामान्य संक्रमण है। टी. एन्यूलेटा से मवेशी उद्योग को अपार हानि होती है और इसलिए रोग के नियंत्रण के लिए इसका दक्षतापूर्वक उन्मूलन और नियंत्रण की कार्यनीतियों की जरूरत है। रोग जनकता, पोषद–परजीवी अंतःक्रिया और उन विशेषताओं की बेतहर समझ, जो परजीवीकृत कोशिका वंश ऐसे मार्कर प्रदान कर सकते हैं जिनसे सुग्राही पशुओं में परीक्षण से पूर्व तनुकरण की अंतःपात्रे निगरानी इजाद करने के लिए तनुकृत वंशों का अधिक तीव्र चयन किया जा सकेगा। हमारी परियोजना का लक्ष्य ऐसे जीनों की दर, आनुवंशिक विविधता की पहचान करना है जो रोग जनकता तथा मेजबान परजीवी अंतःक्रियाओं में भूमिका निभाती हैं, जिससे अंततः रोग नियंत्रण के लिए नए साधनों की डिजाइन करने में मदद मिलेगी।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

हमने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से टी. एनुलेटा की दर का पता लगाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से रक्त के नमूने प्राप्त किए (चित्र 1)। 862 गायों और भैंसों में खून के नमूनों को यादृच्छिक रूप से जमा किया गया। टी. एनुलेटा के लिए विशिष्ट 18एसआरआरएनए और टीएएमएस जीन युक्त पीसीआर के बाद डीएनए पृथक किया गया था। हमारे परिणामों से टी. एनुलेटा संक्रमण की समग्र व्याप्ति 32.40 प्रतिशत अनुमानित थी।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

टी. एनुलेटा के आण्विक और फाइलोजेनेटिक विश्लेषण से नए जीनोटाइप का पता लगा : टी. एनुलेटा का उपयोग करते हुए आण्विक निदान से 18एस आरआरएनए आधारित पीसीआर द्वारा मवेशियों में परजीवी का पता लगाया है। पुनः, 18एस आरआरएनए जीन क्लोन किया गया और आगे चलकर ज्ञात एनुलेटा क्रमों से समानता और विविधता का निर्धारण करने हेतु उनका क्रम ज्ञात किया गया। क्रम विश्लेषण से पता लगा कि भारत से टी. एनुलेटा विभेद में अनेक नए जीनोटाइप होते हैं। जीन के एक विभेद के साथ 13 विभेदों द्वारा नजदीकी समानता दर्शाई गई, जबकि एक भारतीय विभेद में दक्षिण अफ्रीकी विभेद (थेलीरिया प्रजाति (भैंस)) जो फाइलोजेनेटिक विश्लेषण पर आधारित है, के साथ समानता दर्शाई गई (चित्र 2)। इन विभेदों में 18एस आरआरएनए क्रम में न्यूक्लियोटाइड विषमजनकता में 0.1 से 8.6 प्रतिशत तक विविधता प्रकट हुई, जब इसकी तुलना प्रकाशित विभेदों के साथ की गई। वर्तमान अध्ययन में हमें थेलेरियोसिस के आण्विक रूप से प्रचलन का पता लगा और इससे गतिविधियों को पूर्णता प्रदान की जाएगी या

मवेशियों में थेलेरियोसिस के फैलाव को नियंत्रित करने के लिए कार्यनीति की डिजाइन में बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा इसमें नए जीनोटाइप के साथ भारत में नए विभेदों के उभरने पर प्रकाश डाला गया है (नीना आदि, 2015)।

भारत में मवेशियों से टी. ओरिएंटेलिस के नए जीनोटाइप का उभरना और उनमें विविधता : हमारा लक्ष्य आनुवंशिक विविधता, टी. ओरिएंटेलिस की फाइलोजेनी और प्रचालन दर का लाक्षणीकरण करना है जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य, भारत के गाय और भैंस के रक्त नमूनों को जमा करने के बाद इनमें किया जाना है (लगभग 862 नमूने) जो दोनों राज्यों के प्रमुख जिलों से लिए गए (चित्र 1)। रक्त नमूनों से अलग किए गए डीएनए पर पीसीआर के साथ प्रमुख पीरोप्लाज्म सतह प्रोटीन (एमपीएसपी) जीन जो टी. ओरिएंटेलिस के लिए विशिष्ट है, अलग किए गए। जैव सूचना विज्ञान विश्लेषण में एमपीएसपी जीन का उपयोग करते हुए प्रचलित परजीवी विभेदों में से आनुवंशिक विविधता अभिज्ञात की गई। हमारे अध्ययन में टी. ओरिएंटेलिस को गायों और भैंसों में 4.8 प्रतिशत (एन = 41/862) की दर पर प्रकट किया गया तथा टी. ओरिएंटेलिस का एक नया जीनोटाइप ज्ञात हुआ जो भारत में अब तक पहले कभी रिपोर्ट नहीं किया गया था (चित्र 3)। इन नए जीनोटाइप के उभरने से बोवाइन थेलेरियोसिस होने पर बार बार महामारी हो जाने की व्याख्या दी जा सकती है (नीना आदि, 2015)।

परियोजना 2 : स्टेफिलोकॉकस ऑरियस– स्तनशोथ के प्रमुख रोगजनक के खिलाफ मार्कर संबंधी रोग की पहचान :

उद्देश्य

स्तनशोथ, अथवा स्तनग्रंथि की सूजन, सर्वाधिक जटिल और विनाशकारी रोगों में से एक है जिससे गायें प्रभावित होती हैं। एस. ऑरियस, एक महत्वपूर्ण रोगजनक जीवाणु है जिसकी वृहद पोषद रेंज है और यह विश्वभर में क्लिनिकल अथवा उप–क्लिनिकल स्तनशोथ का सर्वाधिक आम कारण है। एस. ऑरियस, सतह– संबद्ध स्रावी उत्पादों, श्वेत कोशिका जीव विषों और आंत्र जीवविषों सहित कई उगता कारक भी उत्पन्न करता है। भारतीय उपभेदों के लिए आज तक रोगकारक के आम उपभेदों की पूर्ण जीनोमिक और प्रोटेमिक सूचना मौजूद नहीं है। परियोजना का उद्देश्य उपभेदों के बीच भिन्नताओं एवं समानताओं की पहचान के लिए जीनोमिक और प्रोटिओमिक उपकरणों के उपयोग से भारत में एस. ऑरियस के आम उपभेदों का लक्षण निर्धारण करना है। परियोजना से निष्कर्षों से रोगजनन को समझने में मदद मिलेगी और इसीलिए, यह पशुधन उद्योग के लिए काफी मददगार हो सकते हैं।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

हमने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के भिन्न राज्यों से स्तनशोथ से संक्रमित पशुओं जैसे कैटल, भैंसों और बकरियों के उप–क्लिनिकल और क्लिनिकल मामलों से दुग्ध के नमूने एकत्र किए। 37 डिग्री से. पर मस्तिश्क हृदय आधान यू ा में अंतः पात्रे, एस. ऑरियस को आइसोलेट किया गया और बनाए रखा गया। सूक्ष्म यू ा तनूकरण आमापन का उपयोग कर न्यूनतम अवरोधक सांद्रण (एमआईसी) की जांच के लिए सभी आइसोलेट्स के खिलाफ एंटीबॉयोटिक संवेदनशीलता आमापन किया गया था। एमआईसी को दवा के सबसे कम सांद्रण के रूप में परिभाषित किया गया जिससे रंग में परिवर्तन की रोकथाम हुई अथवा जिसकी मूल 6.0 का उपयोग करते हुए प्रतिक्रमी विश्लेषण के प्रयोग से गणना की गई (तालिका 1)। पीसीआर और 16एस आरआरएनए एवं बी1एजेड जीन से इतर उग्रता जीनों जैसे एमईसी ए, एमईसी सी, वीएएन ए, वीएएन बी, वीएएन एक्स, वीएएन वाय, वीएएन जेड, पीवीएल जीन के उपयोग से एंटीबॉयोटिक प्रतिरोध की मौजूदगी एवं गैर–मौजूदगी हेतु विशिष्ट प्राइमरों का उपयोग करते हुए एस. ऑरियस आइसोलेट्स का और अधिक आण्विक एवं जैव–रासायनिक लक्षण निर्धारण किया गया।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

बोवाइन मेस्टाइटिस पैदा करने वाले स्टेफिलोकोकाइ की विभेद का बैक्टीरियल पृथक्करण और लाक्षणीकरण : क्लिनिकल मेस्टाइटिस दर्शाने वाले पीड़ित पशुओं से दूध के नमूने (एन=167) जमा किए गए जिनमें दूध का कम उत्पादन, दूध के रंग में बदलाव, शोथ, थन में गर्मी और लालिमा जैसे लक्षण दर्शाए गए। दूध के नमूनों में से फीनोटाइपिक और जीनोटाइपिक परीक्षण का उपयोग करते हुए धनात्मक एस. ऑरियस (एन=39) को एगुलेस जमा किए गए। इन 39 क्लिनिकल आइसोलेट में रोगजनक जीन (पीवीएल जीन) की उपस्थिति का पता लगा और इन्हें एजीआर जीन का

उपयोग करते हुए स्टेफिलोकोकस प्रोटीन ए (एसपीए) जीन से इस्तेमाल किया गया। हमने देखा कि आइसोलेट में क्लोनल विविधता पाई जाती है क्योंकि ये सभी विभेद अलग अलग प्रजाति के हैं। अधिकांश विभेद एजीआर समूह 1 (66.7 प्रतिशत), और इसके बाद समूह 2 (10.3 प्रतिशत) तथा समूह 3 (17.9 प्रतिशत) के थे।

परिवर्ती एसपीए प्रकार के विभेद, टी037 (एन=5), टी267 (एन=3), टी521 (एन=2), टी605 (एन=1), टी2164 (एन=1), टी2246 (एन=2), टी2245 (एन=3), टी25267 (एन=1), टी3731 (एन=1), , टी7286 (एन=5), टी7287 (एन=5), टी7684 (एन=4), टी7696 (एन=4), टी8137 (एन=1) और टी9602 (एन=1) हैं। पुनः, इन सभी आइसोलेट में पीवीएल जीन की भी जांच की गई, जिसमें से 32 आइसोलेट धनात्मक थे। पुनः, क्लिनिकल मेस्टाइटिक मवेशी से बैक्टीरिया के विभेद को अलग किया जाता है और हम लगातार नए फीनोटाइप का पता लगाने के लिए उपरोक्त उल्लिखित प्रयोगों को जारी रखते हैं (तालिका 1)।

प्रकाशन

- जॉर्ज एन, भंडारी वी, रेड्डी डी पी, **शर्मा पी** (2015) इमरजेंसी ऑफ न्यू जीनोटाइप एंड डाइवरसिटी ऑफ थेलेरियोरिएंटल्स पैरासाइट्स फ्रॉम बोवाइन इन इंडिया. इंफेक्ट जीनेट इवोल 36 : 27–34.
- जॉर्ज एन, भंडारी वी, रेड्डी डी पी, **शर्मा पी** (2015) मॉलिकुलर एंड फाइलोजेनेटिक एनालाइसिस रिवील्ड न्यू जीनोटाइप्स ऑफ थेलेरियानुलेटा पैरासाइट्स फ्रॉम इंडिया. पैरासिट वेक्टर्स 8:468.
- **शर्मा पी,** रेड्डी डी पी, कुमार पी ए, गादीचेरला आर, जॉर्ज एन और भंडारी वी (2015) ड्राफ्ट जीनोम ऑफ स्टेफिलोकोकस ओरियस स्ट्रेंन आइसोलेटिड फ्रॉम ए क्लीनिकल मैस्टाइटिस इंफेक्टिड कैटल. जीनोम एनाउंस 3(4) : ई00914–15.



चित्र 1 : तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में टी. एनुलेटा की प्रचलन दल के साथ रूपरेखा मानचित्र। 15 जिले, जहां से नमूने जमा किए गए, उन्हें मानचित्र में दर्शाया गया है और प्रत्येक जिले के नीचे टी. एनुलेटा की प्रचलन दर (प्रतिशत) दी गई है।



चित्र 2 : फाइलोजेनेटिक विश्लेषण : टी. एनुलेटा (टीए1 – टीए14) के साथ अन्य ज्ञात थेलीरिया प्रजाति के अन्य ज्ञात जाति वृत्तीय संबंध दर्शाने वाले 18एस आरआरएनए जीन का विकासकारी विश्लेषण। एमईजीए6 सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए फाइलोजेनेटिक विश्लेषण किया गया। चित्र में जीन बैंक आरोहण संख्या कोष्ठक में दर्शाई गई है। प्रत्येक जिले के डीएनए नमूने विश्लेषण में शामिल किए गए थे।



चित्र 3 : एमपीएसपी जीनों का फाइलोजेनेटिक वृक्ष। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों (टीओएम 1 से टीओएम 18) से प्राप्त नमूनों के एमपीएसपी जीनों के न्यूक्लियोटाइड क्रम के बीच फाइलोजेनेटिक संबंध पिछले पंजीकृत एमपीएसपी जीन क्रमों के साथ एनसीबीआई डेटाबेस के साथ रखा गया। टी. परवा और टी. एनुलेटा इसके बाहरी समूह माने गए। संख्या (1–8) टी. ओरिएंटेलिस के विभिन्न प्रकारों का प्रतिनिधित्व पहले रिपोर्ट किया गया। संख्या (1–8) टी. ओरिएंटेलिस के विभिन्न प्रकारों का प्रतिनिधित्व पूरी दुनिया से रिपोर्ट किया गया।

तालिका 1 : मेस्टाइटिस पैदा करने वाले रोगजनक स्टेफिलोकोकस ऑरिस का जीनोटाइपिक लाक्षणीकरण

क्र. सं.	आइसोलेट आईडी	एसपीए टाइपिंग	एजीआर टाइप	पीवीएल
1.	एसए1	टी7684	1	+
2.	एसए2	टी267	1	+
3.	एसए3	टी7287	1	+
4.	एसए4	टी7287	3	+
5.	एसए5	टी267	1	+
6.	एसए6	टी037	1	+
7.	एसए7	टी2526	एनटी	+
8.	एसए8	टी7696	1	+
9.	एसए9	टी7696	1	+
10.	एसए10	टी037	1	+
11.	एसए11	टी037	1	+
12.	एसए12	टी2445	1	+
13.	एसए13	टी7696	1	+
14.	एसए14	टी7287	3	+
15.	एसए15	टी521	1	+
16.	एसए16	टी3731	1	+
17.	एसए17	टी8137	1	+
18.	एसए18	टी7286	1	-
19.	एसए19	टी7286	1	-
20.	एसए20	टी267	1	+
21.	एसए21	टी037	1	+
22.	एसए22	टी2164	2	+
23.	एसए23	टी037	1	+
24.	एसए24	टी7684	1	+
25.	एसए25	टी7684	-	-
26.	एसए26	टी2445	3	+
27.	एसए27	टी7684	3	-
28.	एसए28	टी7696	1	+
29.	एसए29	टी7287	3	+
30.	एसए30	टी2445	1	+
31.	एसए31	टी9602	1	+
32.	एसए32	टी521	1	+
33.	एसए33	टी2246	1	+
34.	एसए34	टी2246	3	+
35.	एसए35	टी605	1	+
36.	एसए36	टी7286	2	-
37.	एसए37	टी7286	2	-
38.	एसए38	टी7287	3	+
39.	एसए39	टी7286	2	-

रुएनटी = नॉन टाइपेबल

कोशिका चक्र और प्रतिलेखन में टोक्सोप्लाज्मा गोंडाइ सीडीके7 की भूमिका का वर्णन

प्रमुख अन्वेषक : अभिजीत एस. देशमुख डीएसटी / इन्स्पायर संकाय

प्रयोगशाला सदस्य जीआर राजकुमार परियोजना अध्येता (मार्च 2016 से)

उद्देश्य

टोक्सोप्लाज्मा गोंडाइ (टी. गोंडाइ) द्विगुणन चक्र क्लासिकल जंतु कोशिका चक्र से भिन्न है क्योंकि ये तीन चरण वाले चक्र का उपयोग करते हुए विभाजित होते हैं, अर्थात् जी1, एस और एम चरण, जो अपने जटिल कोशिका चक्रों पर नियंत्रण की संभावित रूप से नई प्रक्रियाओं का संकेत करते हैं। मेटोजोआ में कोशिका चक्र और आरएनए पीओएल 2 दोनों से माध्यित अनुलेखन का नियमन एक ट्राइमेरिक कॉम्प्लेक्स से होता है, जिसे सीडीके सक्रिय करने वाले काइनेस (सीएके) कॉम्प्लेक्स द्वारा सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 से निर्मित किया जाता है। इस कॉम्प्लेक्स के अस्तित्व और इसकी भूमिका को अब तक परजीवियों में जांच नहीं गया है। हमारा लक्ष्य टी. गोंडाइ कोशिका चक्र विनियामकों को समझना तथा कोशिका चक्र में उनकी भूमिका और अनुलेखन की जांच के लिए जैव रासायनिक तथा कोशिका जीव वैज्ञानिक मार्ग का उपयोग करना है। खास तौर पर हमारा फोकस इन उद्देश्यों पर है :

1) टीजीसीएके सबयूनिटों (सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1) की पहचान और कार्यात्मक लाक्षणीकरण।
2) टी. गोंडाइ में सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 के ट्राइमेरिक कॉम्प्लेक्स की मौजूदगी का परीक्षण।
3) कोशिका चक्र और आरएनए पीओएल 2 माध्यित अनुलेखन में काइनेस सीडीके7 की भूमिका का अध्ययन।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

जैव सूचना विज्ञान विश्लेषण का उपयोग करते हुए हमने संभावित सीएके सब यूनिटों को अभिज्ञात किया है जो हैं सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1, जो पी. गोंडाइ जीनोम में पाए जाते हैं। पूरी लंबाई वाले सीडीके71–425, साइक्लिन एच1–600 और एमएटी11–279 ई. कोलाई में पुनर्योगज प्रोटीनों के रूप में अभिव्यक्त किए गए। संबंधित प्रोटीनों के खिलाफ उत्पन्न पॉलीक्लोनल एंटीबॉडी द्वारा मूल प्रोटीन को परजीवी लाइसेट में पहचाना गया जिससे पता लगा कि ये तीनों जीन टी. गोंडाइ में अभिव्यक्त के होते हैं।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना : टोक्सोप्लाज्मा गोंडाइ में सीडीके7 आधारित टर्नरी कॉम्प्लेक्स से आरएनए पॉलीमरेस 2 द्वारा प्रेरित एमआरएनए संश्लेषण की मध्यस्थता

यह जांच करने के लिए कि क्या सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 सीएके ऑर्थोलॉग के मूल भाग हैं, हमने एस. सेरेविसी केआईएन28, सीसीएल1 और टीएफबी3 उत्परिवर्ती विभेदों का उपयोग करते हुए कार्यात्मक अनुकरण निष्पादित किया (गुणसूत्र की प्रति हटाकर और एक यूआरए3 मार्कर सहित प्लाज्मिड में संबंधित जीन की वन्य प्रकार की प्रति सहित)। इन रूपांतरित हिस्सों को न्यूनतम माध्यम में ट्रिप्टोफान के अभाव में जीवक्षम ईस्ट कोशिकाओं के चयन के लिए एफओए की अनुपस्थिति या उपस्थिति में उगाया गया। उत्परिवर्ती कोशिकाओं से अभिव्यक्ति सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 एफओए के समान स्वयं अनुपूरक विभेद पर वृद्धि में प्रवीण थे, जबकि खालीवाहक (पीवायईएस3/सीटी) से रूपांतरित कोशिकाएं एफओए पर वृद्धि में विफल रहीं (चित्र 1)।

टी. गोंडाइ में ट्राइमेरिक कॉम्प्लेक्स के अस्तित्व को जीएसटी पुल डाउन आमापनों का उपयोग करते हुए परखा गया था। जीएसटी से बंधे हुए टीजी साइक्लिनएच (बीड पर) एचआईएस–टीजीसीडीके7 प्रोटीन की उपस्थिति में इंक्यूबेट किए गए, जबकि बीड से बंधे हुए जीएसटी प्रोटीन को एक मात्र कंट्रोल के रूप में उपयोग किया गया। टीजी साइक्लिनएच से किसी अविशिष्ट बाइंडिंग से टीजीसीडीके7 के साथ जुड़ सकता है, जिसे जीएसटी प्रोटीन के साथ देखा गया (चित्र 2 क)। समान प्रयोग में जीएसटी बीड से बंधे प्रोटीन टीजी साइक्लिनएच और टीजीसीडीके7 से एचआईएस–टीजीमेट1 के साथ बंधन किया गया (चित्र 2 ख), जबकि जीएसटी प्रोटीन के साथ एचआईएस–टीजीमेट1 की कोई प्रतिक्रिया नहीं देखी गई।

जीएसटी पुल डाउन परिणामों की पुष्टि के लिए अप्रत्यक्ष प्रतिरक्षी प्रतिदीप्ति प्रयोगों का उपयोग करते हुए प्रोटीन टीजीसीडीके7, टीजी साइक्लिनएच और टीजीमेट1 के खिलाफ निर्देशित एंटीबॉडी का इस्तोल किया गया। दोहरे लेबलिंग वाले प्रयोगों में साइक्लिन एच एंटीबॉडी या मेट1 एंटीबॉडी या साइक्लिन एच के साथ मेट1 एंटीबॉडी के संयोजन द्वारा प्रदर्शित हुआ कि परजीवी नाभिक में तीन प्रोटीन सह स्थानिक होते हैं (चित्र 3 ग–ङ)।

यह जांचने के लिए कि टीजीसीडीके7 की काइनेस गतिविधि हेतु क्या टीजी साइक्लिनएच बाइंडिंग की जरूरत होती है और क्या तीसरी सब यूनिट टीजीमेट1 से टीजीसीडीके7 की काइनेस गतिविधि पर प्रभाव होता है, हमने जीएसटी – टीजी साइक्लिनएच, जीएसटी – टीजीसीडीके7 और एचआईएस – टीजीमेट1 को शुद्ध किया तथा पात्रे काइनेस आमापन किया (चित्र 3क)। टीजीसीडीके7 से केवल टीजी साइक्लिनएच की उपस्थिति में और टीजीमेट1 को पर्याप्त रूप से डालने पर सीटीडी काइनेस गतिविधि पर्याप्त रूप से बढ़ती है (चित्र 3 ख)।

स्तनधारी टीजीसीडीके7 – टीजी साइक्लिनएच – टीजीमेट1 कॉम्प्लेक्स की दोहरी भूमिका है जो सीटीडी काइनेस के रूप में अनुलेखन के नियमन में शामिल होता है और सीडीके सक्रिय बनाने वाले काइनेस (सीएके) के रूप में यह कोशिका चक्र को आगे बढ़ाने के नियमन में सक्रिय बनाने वाले सीडीके2 काइनेस और फॉस्फोरालेशन के लिए जिम्मेदार है। टीजीसीडीके7 की समान भूमिका की जांच करने के लिए काइनेस अभिक्रिया की गई जिसमें सक्रिय बनाए गए काइनेस कॉम्प्लेस टीजीसीडीके7 / टीजी साइक्लिनएच / टीजीमेट1 के साथ या तो सीटीडी या टीजीसीडीके2 प्रोटीन का उपयोग किया जाता है। टीजीसीडीके7 से सीटीडी को फॉस्फोराइलेट किया जा सकता है परन्तु टीजीसीडीके2 को नहीं (चित्र 3 ग)। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि टीजीसीडीके7 / टीजी साइक्लिनएच / टीजीमेट1 संभवतः टीजीसीडीके2 को सक्रिय बनाने में सक्षम आवश्यक सीएके नहीं है।

रासायनिक संदमक बीएस–181 द्वारा स्तनधारी सीडीके7 काइनेस गतिविधि का निषेध किया जाता है। यह जांचने के लिए कि क्या बीएस–181 द्वारा टीजीसीडीके7 काइनेस गतिविधि का भी संदमन होता है, हमने पात्रे बीएस–181 की अलग अलग सांद्रताओं की उपस्थिति में टीजीसीडीके7 की जांच की। हमने बीएस–181 की बढ़ती सांद्रता के साथ टीजीआरपीबी1–सीटीडी के धीरे धीरे कम होते फॉस्फोराइलेशन को देखा (चित्र 3 घ)। यह सुनिश्चित करने के लिए टीजीसीडीके7 बेशक टीजीआरपीबी1–सीटीडी फॉस्फोराइलेशन के लिए जिम्मेदार है, हमने 6 घण्टे के लिए बीएस–181 से उपचारित आरएच परजीवी के लाइसेट का उपयोग करते हुए काइनेस आमापन किया। टीजीआरपीबी1–सीटीडी के फॉस्फोराइलेशन को 20 माइक्रोमोल की उपस्थिति में पर्याप्त रूप से अपचयित किया गया, जबकि यह बीएस–181 की 40 माइक्रोमोल सांद्रता पर पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे संकेत मिला कि टीजीआरपीबी1–सीटीडी संभवतः परजीवी में टीजीसीडीके7 द्वारा फॉस्फोराइलेट होता है (चित्र 3))।

स्तनधारी कोशिकाओं में आरएनएपीआईआई के सीटीडी को कम से कम तीन सेरीन अवशेषों (सेर–2, सेर–5 और सेर–7) पर हिपेटोपेप्टाइड क्रम में फॉस्फोराइलेट किया जाता है। टीजीआरपीबी1–सीटीडी में केवल दो संरक्षित सेरीन अवशेष सभी नौ अभिज्ञात हिपेटोपेप्टाइड क्रमों की दूसरी और पांचवी स्थिति पर पाए जाते हैं। आंतरिक टीजीआरपीबी1 के फॉस्फोराइलेशन की सीटीडी के सेर5 पर जांच के लिए हमने टीजीआरपीबी1 के प्रतिरक्षी अवक्षेपण किए और प्रतिरक्षी अवक्षेपित प्रोटीन को लेम्ब्डा–फॉस्फेटस से उपचारित करने के बाद पी–सेर5 एंटीबॉडी का उपयोग करते हुए वेस्टर्न ब्लॉट विश्लेषण किया। हमने फॉस्फोराइलेटिड प्रोटीन बैंड (चित्र 4क) को हटते हुए देखा, जिससे पुष्टि की गई कि आंतरिक टीजीआरपीबी1 सीटीडी के सेर5 पर फॉस्फोराइलेट होता है।

पुनः, टीजीसीडीके7 – माध्यित टीजीआरपीबी1–सीटीडी की विशिष्टता की जांच करने के लिए सेर5 फॉस्फोराइलेशन को हिपेटोपेप्टाइड में देखने के लिए हमने या तो डीएमएसओ या सीडीके7 संदमक बीएस–181 से उपचारित परजीवी से टीजीआरपीबी1 के प्रतिरक्षी अवक्षेपण किए और इसके बाद पीसेर5 एंटी बॉडी के साथ वेस्टर्न ब्लॉट किया। हमने संदमक से उपचारित परजीवी ने पीसेर5–टीजीआरपीबी1 का अपचयित बैंड देखा जबकि डीएमएसओ से उपचारित कंट्रोल अपरिवर्तित रहा (चित्र 4 ख)।

अल्फा–ट्यूबुलिन (ट्यूब1) एसएजी1 (एसएजी1) प्रमोटरों पर एसईआर–5 सीटीडी के संबंध पर संदमक के प्रभाव का निर्धारण करने के लिए संदमक उपचार की उपस्थिति तथा अनुपस्थिति में सीएचआईपी आमापन किए गए। सेर–5 फॉस्फोराइलेशन ट्यूब 1 और एसएजी1 प्रमोटरों में दो घण्टे तक संदमक उपचार के बाद कम होते पाए गए (चित्र 5 क)।

टीजीआरपीबी1 में टीजीसीडीके7 की भूमिका की जांच के लिए हमने आंतरिक परजीवी जीनों में नवजात आरएनए के निर्माण पर संदमक के प्रभाव की जांच की। परजीवियों को दो घण्टे तक बीएस–181 के साथ उपचारित किया गया और उसके बाद परिणामस्वरूप आरएनए शुद्धिकरण और सीडीएनए निर्मिति के बाद भी अर्जित किया गया। नवजात आरएनए के स्तर उच्च अभिव्यक्त टोक्सोप्लाज्मा जीन अर्थात् ट्यूब 1 और एसीटी1 के लिए दोनों को मध्यम रूप से अपचयित पाया गया (चित्र 5 ख)।

सारांश

हमने टी. गोंडाइ सीएके कॉम्प्लेक्स की तीन सबयूनिट (सीडीके7, साइक्लिनएच, मेट1) को अभिज्ञात किया और अनुलेखन में इनकी भूमिका की कार्यात्मक जांच की। टीजीसीए के सबयूनिट, सीडीके7, साइक्लिनएच और मेट1 कार्यात्मक रूप से दक्ष अनुपूरक क्रमशः एससीकेआईएन28, एससीसीसीएल1 और एससीटीएफबी3 इस्ट उत्परिवर्ती विभेदों की भूमिका की जांच की। अंतःक्रिया अध्ययनों में टर्नरी कॉम्प्लेक्स, टीजी– सीडीके7 / साइक्लिनएच / मेट1 की उपस्थिति दर्शाई गई। टीजीसीडीके7 और टीजी साइक्लिनएच के हिटेरोडाइमेरिक संयोजन द्वारा टीजीआरपीबी1–सीटीडी काइनेस गतिविधि प्रकट होती है, जो एक असेम्बली कारक मेट1 की उपस्थिति में उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाती है। टीजीसीडीके7 काइनेस द्वारा सीटीडी फॉस्फोराइलेशन की पुष्टि के लिए चयनित सीडीके7 इंहिबिटर, बीएस–181 का उपयोग किया जाता है। हमने दर्शाया है कि टीजीसीडीके7 से टीजीआरपीबी1–सीटीडी के अन कैनोनिकल हिपेटोपेप्टाइड रिपीट के सेर5 फॉस्फोराइलेशन में उल्लेखनीय रूप से कमी आती है। टीजीसीडीके7 के संदमन से प्रमोटर पर सीटीडी के सेर5 फॉस्फोराइलेशन में तथा नवजात आरएनए संश्लेषण में कमी आती है।

प्रकाशन

• **देशमुख ए एस,** अग्रवाल एम और धर एस के (2016) रेगुलेशन ऑफ डीएनए रेप्लिकेशन प्रोटींस इन पैरास्टिक प्रोटोजोंस : पॉसिबल रोल ऑफ सीडीके लाइक काइनेज. करंट जीनेटिक्स डीओआई : 10.1007 / एस 00294–015–0562–2.



Figure 1

चित्र 1. सेरेविसीएकिन28, सीसीएल1 और टीएफबी3 जीन क्रमशः टी. गोंडाइ सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 जीनों का कार्यात्मक पूरक। एस. सेरेविसी विभेद किन28, सीसीएल1 और टीएफबी3 जीनों की प्रति गुणसूत्र विलोपन के साथ ईस्ट अभिव्यक्तिवाहक (पीवायईएस3 / सीटी) सहित टीआरपी चयन मार्कर और संबंधित एस. सेरेविसी वन्य प्रकार के जीनों के कोडिंग क्षेत्र और टी. गोंडाइ सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 जीन पाए गए। इन ट्रांसफॉर्मेट को एफओए के साथ या इसके बिना ट्रिप्टोफेन ड्रॉप आउट माध्यम पर डाला गया।



Figure 2

चित्र 2. प्रत्येक अन्य के साथ टी. गोंडाइ सीडीके7, साइक्लिन एच और मेट1 अंतःक्रिया (क) एचआईएस – सीडीके7 की उपस्थिति में जीएसटी बीड बाध्य केवल टीजी साइक्लिनएच और जीएसटी प्रोटीनों का उपयोग करते हुए जीएसटी पुल डाउन आमापन। **(ख)** जीएसटी बीड से बंधे टीजी साइक्लिनएच, टीजीसीडीके7 और जीएसटी का उपयोग करते हुए केवल एचआईएस–टीजीमेट1 की उपस्थिति में समान अंतःक्रिया प्रयोग। निचले पैनल में कुमासी से अभिरंजित जैल दर्शाया गया है जो लोडिंग कंट्रोल के रूप में प्रोटीन अंतरण के बाद आता है। **(ग–ङ)** एंटी–सीडीके7, एंटी–साइक्लिन एच और एंटी–मेट1 एंटीबॉडी प्रतिरक्षी प्रतिदीप्ति से परजीवी नाभिक में अधिकांशतः सह स्थानीकरण दर्शाया जाता है।



Figure 3

चित्र 3. टीजीसीडीके7 एक सक्रिय काइनेस है जो टीजीआरपीबी1–सीटीडी का फॉस्फोराइलेशन करता है।

(क) कुमासी जैल से पुनर्योगज जीएसटी–साइक्लिन एच, जीएसटी–सीडीके7 और एचआईएस– टीजी–मेट1, टीजीसीडीके2 –एचआईएस, एचआईएस–टीजीआरपीबी1–सीटीडी और हिस्टोन एच1 प्रोटीनों का शुद्ध रूप दर्शाया जाता है जो काइनेस आमापनों में उपयोग होता है। (ख) टीजीसीडीके7 और टीजी साइक्लिन एच की उपस्थिति में टीजीआरपीबी1–सीटीडी फॉस्फोराइलेट हुआ था। मेट1 की उपस्थिति में टीजीआरपीबी1–सीटीडी का फॉस्फोराइलेशन बढ़ गया था। (ग) टीजी– सीडीके7 / साइक्लिनएच / मेट1 से टीजीसीडीके2 फॉस्फोराइलेट नहीं हुआ / किन्तु टीजीआरपीबी1–सीटीडी का फॉस्फोरालेशन हुआ। (घ) पात्रे में बीएस–181 की बढ़ती सांद्रता की उपस्थिति में टीजीसीडीके7 काइनेस द्वारा लगातार कमी दर्शाई गई। (ङ) सीडीके7 संदमक से उपचारित आरएच परजीवी से तैयार लाइसैट का उपयोग करते हुए काइनेस आमापन, बीएस–181 द्वारा टीजीआरपीबी1–सीटीडी के फॉस्फोराइलेशन में कमी दर्शाई गई। कुमासी से अभिरंजित जैल (निचला पैनल) प्रोटीनों की समान लोडिंग दर्शाता है।



Figure 4

चित्र 4. हिपेटोपेप्टाइड रिपीट के सेरीन 5 में टीजीआरपीबी1–सीटीडी को टीजीसीडीके7 फॉस्फोरिलेट्स करता है। (क) लेम्ब्डा फॉस्फेटेस के उपचार द्वारा टीजीआरपीबी1 आईपी तथा पी–सेर5 एंटीबॉडी का उपयोग करते हुए वेस्टर्न ब्लॉट किया गया। **(ख)** बीएस–181 या डीएमएसओ से उपचारित परजीवों से टीजीआरपीबी1 आईपी और पी–सेर5 एंटीबॉडी के साथ वेस्टर्न ब्लॉट। सभी लेनों में टीजीआरपीबी1 आईपी के समान स्तर से प्रयुक्त परजीवी प्रोटीन की समान सांद्रता का सुझाव मिला।



Figure 5

चित्र 5. टीजीसीडीके7 संदमन से टीजीआरपीबी1 द्वारा डी नोवो ट्रांसक्रिप्शन पर प्रभाव होता है। (क) सीएचआईपी–क्यूपीसीआर उत्पादों के केबी में अनुमानित अवस्थाओं को दर्शाने वाला सापेक्ष योजनाबद्ध चित्र जो टीयूबी1 और एसएजी1 स्टार्ट कोडोन पर है। सीटीडी–सेर5 फॉस्फोराइलेशन के सीएचआईपी विश्लेषण से संदमक और डीएमएसओ उपचारित परजीवों से पी–सेर5 एंटीबॉडी का उपयोग करते हुए टीयूबी1 और एसीटी1 प्रमोटर। इसे सामान्य बनाने के लिए गैर अनुलेखित टेलोमीयर डीएनए प्रयुक्त। **(ख)** टीयूबी1 और एसीटी1 स्टार्ट कोडोन के सापेक्ष क्यूआरटी–पीसीआर उत्पादों के अग्रगामी और प्रतिकूल प्राइमरों के केबी में अनुमानित स्थान दर्शाने वाला योजनाबद्ध आरेख। टीयूबी1 और एसीटी1 एमआरएनए के स्थिर अवस्था स्तरों का मात्रात्मक आरटी–पीसीआर। कंट्रोल के रूप में एक्सोन 1 और 2 के संगत एसीटी1 के एक हिस्से पर उपचारित एक प्राइमर सेट।

किस्पेप्टिन का शरीर विज्ञान और चिकित्सीय क्षमता को समझना

मुख्य अन्वेषक	सत्या वेलमुरूगन	वैज्ञानिक सी
अन्य सदस्य	एस. श्री रवाली	परियोजना अध्येता (फरवरी, 2015 से)
	मीनल उलेवर	परियोजना अध्येता (सितम्बर, 2015 से)
	श्रीनिवास राजानल	परियोजना अध्येता (नवम्बर, 2015 से)
सहयोगकर्ता	जी. अरुणा कुमारी	सहायक प्रोफेसर, एसपीएनआरटीएसयूवीएएफएस, भारत
	टी. रघुनन्दन	प्रोफेसर, एसपीएनआरटीएसयूवीएएफएस, भारत

उद्देश्य :

किस्पेप्टिन (केपी) को हाल ही में जीएनआरएच के प्रजनन अक्ष अपस्ट्रीम का प्रमुख नियंत्रक माना गया है। केपी द्वारा जीएनआरएच न्यूरॉन के न्यूरोएंडोक्राइन नियंत्रण से उस क्रम का तापमेल बनाया जाता है जो इस्ट्रस चक्र के दौरान होता है (जैसा बेल्ट्रॉमो आदि 2014, मोल सेल एंड्रोक्राइनोल 382 : 387–399 द्वारा समीक्षा की गई है)। हाइपोथैलेमस में केपी आर्कुएट नाभिक और चूहों के रोस्ट्रल पेरिवेंट्रीकुलर हिस्से में व्यक्त होता है। किस्पेप्टिन, 54, 14, 13 और 10 एमिनो एसिड लंबाई वाले पेप्टाइड का एक समूह है जो किस1 जीन द्वारा कोड किए गए 154 एमिनो एसिड पेप्टाइड से अलग होता है। डीकापेप्टाइड युक्त सीओओएच टर्मिनल केपी रिसेप्टर, जी–प्रोटीन से जुड़े रिसेप्टर – 54 (जीपीआर–54) के लिए आवश्यक है।

केपी के प्रभाव द्वारा एलएच के प्रेरण की रिपोर्ट स्टीर, पूर्व–परिपक्वता बछड़ों तथा अंडाशय हटाई गई गायों में की गई (जैसा ओकामुरा आदि 2013 एनि सां जे. 84 : 369–381 द्वारा समीक्षा की गई)। मवेशियों में इन अध्ययनों से प्रजनन अक्ष के केपी विनियमन को समझने के लिए इनके बांझपन के विकारों हेतु संभावित क्रांतिकारी रूप से उपचार कार्यनीति का पता लगता है।

हमारे अध्ययन के उद्देश्य हैं :
(1) किस्पेप्टिन द्वारा प्रजनन के नियमन के शरीर क्रिया विज्ञान को समझना
(2) पशुओं में बांझपन के लिए किस्पेप्टिन की चिकित्सीय क्षमता का अध्ययन करना

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

मादा चूहों में परिपक्वता पर चिरकालिक केपी–10 के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 100 नैनोमोल / दिन पर केपी–10 दिया गया अर्थात् दिन 25 से दिन 50 तक। कंट्रोल की दुनिया में चिरकालिक केपी–10 से परिपक्वता के आने में विलंब हुआ और भोजन ग्रहण तथा वज़न में कमी आई। अन्य प्रारंभिक अध्ययनों में, एलएच की प्रतिक्रिया से एकल आईवी बोलस इंजेक्शन के रूप में केपी–10 5 माइक्रो ग्राम / कि. ग्रा. शरीर क वज़न के अनुसार परिपक्वता पूर्व देओनी हिफर में अध्ययन किया गया।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

परियोजना 1 : किस्पेप्टिन द्वारा प्रजनन का नियमन

उप परियोजना 1 : चूहों में परिपक्वता के प्रेरण पर चिरकालिक केपी–10 का प्रभाव :
पूर्व परिणामों को जारी रखते हुए केपी और जीपीआर54 के प्रतिरक्षी ऊतक रसायन का कार्य सेलाइन तथा केपी–10 से उपचारित चूहों से प्राप्त अंडाशय और गर्भाशय के ऊतकों के खण्डों पर जारी रखा गया। जीपीआर54 प्रतिरक्षा भिक्रियात्मक (जीपीआर54–आईआर) उपचारित चूहों की तुलना में

नियंत्रित चूहों में अधिक थी, जिससे चिरकालिक केपी–10 पर रिसेप्टर अभिव्यक्ति के डाउन रेगुलेशन का संकेत मिला (चित्र 1)। केपी–आईआर दोनों समूहों में ज्ञात नहीं किया जा सका। इसी प्रकार जीपीआर54 एमआरएनए अभिव्यक्ति, जिसे कंट्रोल चूहों के अंडाशयों और गर्भाशय के ऊतकों में क्यूपीसीआर द्वारा मापा गया, यह उपचारित चूहों की तुलना में अधिक था (चित्र 2); केपी एमआरएनए अभिव्यक्ति का पता नहीं लगाया जा सका, जबकि दोनों समूहों के बीच अंडाशय फॉलीकल की संख्या में कोई अंतर नहीं था, कॉपर्स ल्यूटियम की संख्या कंट्रोल की तुलना में केपी–10 से उपचारित समूह में अधिक थी (चित्र 3)।

उप परियोजना 2 : चूहों में गर्भावस्था के दौरान केपी और जीपीआर54 की अभिव्यक्ति

मस्तिष्क, अंडाशयों, गर्भाशय और गर्भवती चूहों की आंवल में केपी और जीपीआर54 के ऊतक अभिव्यक्ति स्तरों का अध्ययन करने के लिए दिन 4, 10, 15 और 20 दिनों पर परफ्यूजन में गर्भवती चूहों को लिया गया। केपी एमआरएनए का उच्चतम स्तर दिन 10 पर आया, जबकि जीपीआर54 एमआरएनए दिन 15 पर सर्वोच्च स्तर पर आया (चित्र 4)।

उप परियोजना 3 : एलएच निर्मुक्ति कम करने के लिए किस्पेप्टिन में एनपीवाय की भूमिका :

केपी उद्दीपित एलएच सर्ज निर्मुक्ति की भूमिका के अध्ययन के लिए केपी–10, एनपीवाय, बीआईबीपी3226 को केन्द्रीय रूप से देने पर प्लाज्मा में एनएच का स्तर (एनपीवाय वाय1 रिसेप्टर एंटागोन्स्टि) और केपी–10 + बीआईबीपी3226 का अध्ययन यूरेथेन एनेस्थिसिया, आई. वी और आई.सी.वी. केनुलेट की किए गए चूहों में प्रोइस्ट्रस के समय अध्ययन किए जा रहे हैं।

परियोजना 2 : भैंसों में प्लाज्मा एंडोक्राइन रूपरेखा और फॉलीकुलर डायनेमिक्स पर किस्पेप्टिन के प्रभाव :

डीबीटी द्वारा निधिकृत इस परियोजना का लक्ष्य भैंसों में इस्ट्रस तुल्यकालन के लिए एक प्रभावी मात्रा की व्यवस्था तय करने के लक्ष्य सहित भैंसों के किस्पेप्टिन में पेरिफेरल रूप से देने पर उनकी एंडोक्राइन रूपरेखा और फॉलीकुलर गतिशीलता का अध्ययन करना है। सबसे पहले एक आंतरिक आई. वी केनुलेशन प्रक्रिया होती है जिसमें स्वतंत्र रूप से घूमते हुए जंतुओं के रक्त नमूने लिए जाते हैं, जिसका विकास क्रोनिक रूप से रक्त संग्रह प्रोटोकॉल में आसानी के लिए किया गया था। परिपक्वता पूर्व भैंस हीफर, बोवाइन केपी–10 (टीवाय–एएसएन–टीआरपी–एएसएन–सेर–पीएचई–ग्लि–ल्यू–एआरजी–ट्राइ–एनएच2) को अलग अलग खुराक की दर पर (5, 10 और 20 माइक्रो ग्राम / कि. ग्रा. शरीर का वज़न, आई. एम और आई.वी) से जीएनआरएच संश्लेषित एनालॉग की तुलना में खुराक की प्रतिक्रिया का अध्ययन करने के लिए ब्रूसेरेलिन एसिटेट (रिसेप्टल, 2.5 मि.ली. आई. एम और आई.वी)। सीरम एलएच रूपरेखा पर केपी–10 देने का आरंभिक विवरण चित्र 5 में दिखाया गया है। अंडाशय फॉलीकुलर रूपरेखा का अध्ययन इसी के साथ किया गया है। केपी–10 का उपयोग करते हुए एक इस्ट्रस तुल्यकालन प्रोटोकॉल से जीएनआरएच प्रोटोकॉल के साथ तुलना में चक्रिय हीफर में परखा जाएगा।

सारांश :

(1) क्रोनिक केपी–10 से उद्दीपित परिपक्वता में विलंब संभवतः जीपीआर54 डाउन रेगुलेशन द्वारा हो सकता है। (2) गर्भावस्था के दौरान मां की केपी अभिव्यक्ति में आने वाले बदलावों से मां के केपी द्वारा संतान में प्रजनन के न्यूरो एंडोक्राइन नियमन की आवश्यकता का पता लगता है। (3) केपी–10 से उद्दीपित एलएच का निकलना कम समय में होता है। लंबे समय तक अर्ध जीवन के साथ संश्लेषित किस पेप्टिन एनालॉग अंत में प्राकृतिक डीका पेप्टाइड की तुलना में प्रजनन पर गहरा असर डाल सकते हैं।



चित्र 1. अंडाशय और गर्भाशय में जीपीआर54–आईआर पर क्रोनिक केपी–10 का प्रभाव। जीपीआर54–आईआर का पता कॉपर्स ल्यूटियम और कंट्रोल के गर्भाशय की ग्लैंडुलर एपिथिलियल में लगाया गया (क और ग)। प्रति निधि हिस्से दर्शाते हैं कि सीएल और गर्भाशय में जीपीआर54–आईआर स्तर केपी –10 से उपचारित चूहों में कम था (ख और घ)। प्रवर्धन : 40 गुना



चित्र 2. चूहे के प्रजनन अंगों में जीपीआर54 एमआईआरए अभिव्यक्ति पर क्रोनिक केपी–10 का प्रभाव। क्रोनिक केपी–10 से अंडाशय (क) और गर्भाशय (ख) सेलाइन से उपचारित कंट्रोल की तुलना में (एन=8 प्रत्येक)



चित्र 3. चूहों में फॉलीकल और सीएल की संख्या पर क्रोनिक किसेप्टिन के प्रभाव। कंट्रोल (क) और केपी–10 से उपचारित चूहों (ख) के अंडाशय के हिस्टोलॉजिकल प्रतिनिधि खण्ड। जबकि समूह में फॉलीकल की संख्या में कोई अंतर नहीं है (एन=6, पी=0.63, टी–परीक्षण) (ग), केपी–10 से

उपचारित समूह में बड़ी संख्या में सीएल से अधिक संख्या में उपस्थित थे (एन=6, 'पी=0.001, टी–परीक्षण)। (घ) + एसई के रूप में अभिव्यक्त डेटा



चित्र 4. पूरी गर्भावस्था (दिन 5, 10, 15 और 20) में चूहों में केपी तथा जीपीआर54 एमआरएनए की प्रजनन अंग संबंधी और आंवल अभिव्यक्ति रूपरेखाएं। गर्भ रहित चूहों में प्रजनन अंग की अभिव्यक्ति को कंट्रोल के रूप में लिया जाता है, जबकि आंवल की अभिव्यक्ति दिन 10 पर दिन 15 और 20 पर अभिव्यक्ति के लिए कंट्रोल के रूप में ली गई थी। केपी एमआरएनए का सर्वोच्च बिन्दु दिन 10 (क) पर आया जबकि जीपीआर54 एमआरएनए सर्वोच्च बिन्दु दिन 14 (ख) पर आया। एन=3–4 चूहा प्रति समूह



चित्र 5. परिपक्वता पूर्व भैंसों में सीरम एलएच सांद्रता पर केपी–10 देने के प्रभाव। केपी–10 को 5 माइक्रोग्राम / किलोग्राम शरीर का वज़न दर पर दिया गया और क्रमिक रूप से पहले (आधारभूत) और 15 मिनट, 30 मिनट, 1 घण्टा, 1.5 घण्टा और 2 घण्टे बाद केपी–10 देने पर क्रमिक रक्त नमूने लिए गए (एन=6)। सीरम एलएच 30 मिनट की अवधि के लिए संक्षिप्त रूप से बढ़ा और फिर औसत दो घण्टे बाद आधार मूल्य तक क्रमिक रूप से घट गया। औसत + एसई के रूप में डेटा व्यक्त किया गया।

मार्कर की खोज और तुलनात्मक जीनोमिक्स के लिए अनुक्रम आंकड़ों का विश्लेषण करना

अन्वेषक	सरवार आजम	वैज्ञानिक बी
सदस्य	हिता वर्मा	परियोजना अध्येता (अगस्त 2015 तक)
	वी नरसिंहा राव	परियोजना अध्येता
सहयोगकर्ता	प्रो. एस दयानंदा	एचसीयू, भारत

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष के आरंभ में किए गए कार्य सारांश (31 मार्च, 2015 तक)

बी. मेलिटेंसिस आईएनडी1 उपभेद के हासिल किए गए और जातिवृत्त, एसएनपी और इनडेल के लिए अन्य ब्रूसेला उपभेदों के साथ इनकी तुलना की गई। इसके अलावा, टीके तैयार करने के लिए बी. मेलिटेंसिस आईएनडी1 के प्रतिरक्षी प्रमुख जीनों की पहचान करने के लिए एक प्रतिवर्ती वैक्सीनोलॉजी उपागम का उपयोग किया गया है। दूसरी ओर, बफेलो जीनोमिक्स के लिए डेटाबेस तैयार किया गया है और इसे एसटीआर मार्करों से समृद्ध किया गया।

इस प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की गई प्रगति के विवरण (1 अप्रैल 2015 – 31 मार्च, 2016)

बैक्टीरिया ब्रेवुंडिमोनास डिमिनुटा का विखंडन करने वाले ऑर्गनोफॉस्फेटेस (ओपी) यौगिक का लाक्षणीकरण

ऑर्गनोफॉस्फेटेस (ओपी) आम तौर पर कशेरुकी जंतुओं में सभी पीड़कनाशियों के सर्वाधिक चिरकालिक विषालु यौगिकों में से हैं। एक लंबे और लगातार उद्भासन से जंतुओं और मानवों में चिरकालिक प्रभाव और घातक असर हो सकते हैं। कुछ बैक्टीरिया द्वारा ऑर्गनोफॉस्फेट हाइड्रोलेस (ओपीएच) गतिविधि दर्शाई जाती है अर्थात् इससे ओपी यौगिकों में गिरावट आ सकती है। ऐसा ही एक बैक्टीरिया बी. डिमिनुटा जिसे पहले स्यूडोमोनास डिमिनुटा के नामसे जाना जाता था, इसे ओपी विखंडन के जैव रसायन और आनुवंशिकी अध्ययन हेतु एक मॉडल जीव के रूप में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि यह अनेक ओपी यौगिकों को कार्बन तथा फॉस्फेट के स्रोत के रूप में इस्तेमाल करता है और इसमें सशक्त ओपीएच गतिविधि दर्शाई जाती है। जबकि इस बैक्टीरिया की वास्तविक वर्गीकरण स्थिति, खास तौर पर हाल के दिनों में करने के लिए कोई व्यवस्थित अध्ययन नहीं किए गए हैं, जबकि अनेक प्रकार के बैक्टीरिया पाए जाने की रिपोर्ट की गई है। इस परियोजना में हमने मॉडल बैक्टीरिया के जीनोम का लाक्षणीकरण करने के प्रयास किए हैं तथा इसके गुण संबंधी जीनों एवं वर्गीकरण की स्थिति को स्थापित किया है।

जीनोम अनुक्रमण और असेंबली

बी. डिमिनुटा का क्रम इल्युमिना तथा टोरेंट प्लेटफॉर्म पर जीएआईआई, एचआईएसईक्यू 2000 और एमआईएसईक्यू हेतु ज्ञात किया गया। कुल 6.8 जीबीपी डेटा उत्पन्न किया गया था, जो लगभग 1361 ण एसईक्यूक्यूसी वी2.1 का इस्तेमाल पूर्व प्रसंसाधन हेतु किया गया तथा इसके रीड को एसपीएडेस वी3.1.0, एसस्पेस–बेसिक वी 2.0 और गैपक्लोजर प्रोग्राम का उपयोग करते हुए असेम्बल किया गया था। पुनः, स्केफोल्ड के सिरे एम्प्लीकॉन सिक्वेंसिंग से जोड़े गए। अंत में हमने 4,147,822 बीपी, 65,908 बीपी और 30,654 बीपी के एक गुणसूत्र और दो प्लाज्मिड क्रम ज्ञात किए। इन सभी विशेषताओं तथा गुणसूत्र के एनोटेशन चित्र 1 में दिखाए गए हैं, जबकि प्लाज्मिड के एनोटेशन (पीसीएमएस1 और पीसीएमएस2) को चित्र 2 में दर्शाया गया है।

टोक्सोनोमिक वर्गीकरण

एनसीबीआई के प्रतिनिधि डेटाबेस में बी. डिमिनुटा के निकटतम जीनोम क्रम की पहचान के लिए खोज की गई। इस जीनोम क्रम में स्फिंगोमोनाडेसी परिवार की स्फिंगोमोनाडेल्स क्रम की प्रजाति के साथ अधिकतम समानता दर्शाई गई है। वर्तमान में स्फिंगोमोनाडेल्स क्रम में 120 क्रमबद्ध जीनोम हैं। वास्तव में, समग्र जीनोम क्रम से वर्गीकरण को सिद्ध करने के लिए विभेदन का उच्चतम स्तर मिलता है।

ऑर्थोलॉजी विश्लेषण

कुछ बैक्टीरिया जीनोम पूरे नहीं किए गए थे। अतः स्फिंगोमोनाडेल्स में ऑर्थोलोगस जीनों की एक प्रति के लिए 114 जीनोम के सैट की पुनः छानबीन की गई थी। कुल 396 जीनों में स्फिंगोमोनाडेल्स में ऑर्थोलॉजी दर्शाई गई जिन्हें फाइलोजेनेटिक संबंध दर्शाने के लिए चुना गया था। परिणामस्वरूप पाइलोजेनेटिक वृक्ष में वर्गीकरण नियोजन और सभी 114 बैक्टीरिया की विकास दूरियां निर्मित की गई थी (दर्शाई नहीं गई)। ओपी का विखंडन करने वाले बैक्टीरिया को बी. डिमिनुटा के नाम से जाना जाता है, जो स्फिंगोपिक्सिस जीनस में रखे गए हैं।

पैन / कोर जीनोम विश्लेषण

